डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 21.04.2025 से 27.04.2025 ▶ वर्ष-42 ▶ अंक-17 ▶ मूल्य ₹ 10.00

// संक्षिप्त खबर //

मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश को मिला 25वां अभयारण्य

सागर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जैव विविधता संरक्षण के लिए की गई पहल पर मध्यप्रदेश को एक और नया अभयारण्य मिल गया है। सागर जिले में 258.64 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में नया अभयारण्य बनाया जा रहा है। इस नये अभयारण्य को 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभयारण्य' के नाम से जाना जायेगा। राज्य सरकार ने इस नये अभयारण्य की अधिसूचना भी जारी कर दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिये यह जानकारी देते हुए कहा कि यह अभयारण्य न केवल वन्य जीवों को एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन और स्थानीय रोज़गार सृजन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के नाम समर्पित यह अभयारण्य संविधान निर्माता के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह निर्णय समावेशी विकास एवं हमारे संकल्प की दिशा में एक नया कदम और बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभयारण्य, सागर जिले के उत्तर सागर वन मंडल अंतर्गत बंडा और शाहगढ़ तहसीलों के आरक्षित वन क्षेत्र में स्थापित किया गया है।

कृषक कल्याण मिशन किसानों के समग्र विकास की पहल

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत @2047 के विजन के अनुरूप हमारी सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी कल्याण के लिए मिशन शुरू कर दिए हैं। मध्यप्रदेश में कृषक कल्याण के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। किसानों की आय, कृषि उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण और कृषि से उत्पादित कच्चे माल पर आधारित औद्योगिक इकाई स्थापित करने जैसे हर संभव प्रयास जारी हैं। किसानों और गौ-पालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ कुपोषण दूर करने की दिशा में सरकार योजनाबद्ध तरीके से पूरी ऊर्जा के साथ कार्य कर रही है।

प्रकृति के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है चीतों का पुनर्वास

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर चीता प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। भारत और लगभग सम्पूर्ण एशिया महाद्वीप से विलुप्त हो चुके चीतों का पुनर्वास कर राज्य सरकार प्रकृति से प्रगति और प्रगति से प्रकृति के संरक्षण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला जिले में 232 करोड़ रुपये की लागत वाले 66 विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

लाड़ली बहनों के खातों में 1552.38 करोड़ और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपये का अंतरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंडला में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राशि वितरण समारोह को संबोधित करते हुए

- 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को मिला लाभ।
- 56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को मिला लाभ।
- 25 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 57 करोड़ रुपये अंतरित हुए।
- राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में आधी आबादी की पूरी भूमिका हो।
- बंजर नदी पर निर्मित पुल शहीद शंकर शाह-रघुनाथ शाह के नाम पर होगा।

मंडला, माताओं, बहनों और बेटियों के हित में हमारी सरकार हमेशा उनके साथ है। इनके लिए सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। बहनों को हमारी सरकार उनका हक दिलायेगी। राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में आधी आबादी की पूरी भूमिका हो, इसे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंडला जिले के टिकरवारा गांव में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े, इसके लिए आगामी वर्षों में लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का लाभ मिलेगा। मध्यप्रदेश सरकार पहले ही निकाय चुनावों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर चुकी है।

मंडला को मिली 232 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 1.27 करोड़ बहनों को 1552.38 करोड़ रुपये, 56.68 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना में पात्र 25 लाख बहनों को 450 रुपये में सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 57 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने मंडला में 232 करोड़ रुपये की लागत वाले 66 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया।

परिणय सूत्र में बंधे 1100 जोड़े

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह में परिणय-सूत्र में बंधे 1100 से अधिक नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयार किया एजुकेशन पोर्टल 3.0

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग ने एक अप्रैल, 2025 से एजुकेशन पोर्टल 3.0 तैयार किया है। इस पोर्टल में विभाग से जुड़ी मानव संसाधन की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। इस पोर्टल से विभाग के कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया गया है। पोर्टल में मानव संसाधन से संबंधित जानकारी को कर्मचारी और विकासखण्ड स्तर पर वेरीफाई किया गया है। इसमें विभाग के करीब 2 लाख 75 हजार कर्मचारियों की समस्त जानकारी पारदर्शी रूप से पोर्टल पर प्रदर्शित की गयी है। विभाग के पौने तीन लाख कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिये पारदर्शी माध्यम से स्थानांतरण नीति-2022 के आधार पर ऑनलाइन ट्रांसफर मॉड्यूल तैयार किया गया है।

मंदसौर में होगा किसान मेले का आयोजन - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी संभागों में इस वर्ष किसान मेले आयोजित होंगे। इसमें किसानों को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित विभिन्न कार्य पद्धतियों और नए अनुसंधान की जानकारी दी जाएगी। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से संबंधित मार्गदर्शन दिया जाएगा। कृषि कार्यों से जुड़े आधुनिक उपकरणों को प्रदर्शित भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 3 मई को मंदसौर जिले में किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। संभाग स्तरीय किसान

मेलों के बाद अक्टूबर में एक वृहद राज्य स्तरीय किसान मेला भी आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में एक वर्ष में दस लाख सौर ऊर्जा पम्प प्रदान करने का लक्ष्य है। यह कार्य अभियान के रूप में चलेगा। एक हॉर्स पॉवर से दस हॉर्स पॉवर तक सोलर पम्प स्थापना के लिए किसान को राशि जमा करवाकर निर्धारित अवधि में कनेक्शन दिए जाएंगे। प्रदेश में किसान खुद बिजली बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने मजरों टोलों के निवासी जनजातीय वर्ग के लोगों को इस कार्य में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक प्रतिनिधियों के सुझावों पर राज्य सरकार अमल करेगी। बैठक में बड़ी परियोजनाओं के लिए किसानों की भूमि लेने पर बदले में भूमि देने के प्रावधान, किसान को हिस्सेदार और मालिक बनाकर उनका हित सुनिश्चित करने, दूध पर बोनस, कम पानी से सिंचाई से मक्का उत्पादन को प्रोत्साहित करने, गौशालाओं के अंतर्गत आधुनिक तकनीक से संचालन, उच्च शिक्षा में कृषि विषय के अध्ययन और जिलों में पर्याप्त पशु चिकित्सकों की व्यवस्था के संबंध में चर्चा हुई।

मध्यप्रदेश, प्राथमिक साख सहकारी समितियों के कम्प्यूटराइजेशन में देश में प्रथम – श्री अमित शाह

भोपाल, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने भोपाल के रवीन्द्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) के कंप्यूटराइजेशन का कार्य चल रहा है। इसमें मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। केंद्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में शत-प्रतिशत उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में साढ़े 5 करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है जो देश के कुल उत्पादन का 9 प्रतिशत है। प्रदेश में सुशासन का दौर चल रहा है, यह सहकारिता को जीवंत करने का स्वर्णिम अवसर है। प्रदेश के किसानों के साथ केन्द्र सरकार चट्टान की तरह खड़ी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कम से कम 50 प्रतिशत गांवों

तक सहकारिता और डेयरी गतिविधियों का विस्तार करना आवश्यक है। केन्द्र सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य अनुबंधों का आदान प्रदान हुआ।

दुग्ध उत्पादन में प्रदेश को देश में नंबर वन बनाया जाएगा

मंदसौर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंदसौर में आयोजित सोमयज्ञ में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया सनातन संस्कृति को बेहतर तरीके से समझ रही है। उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक में एक वृंदावन गांव बनाया जाएगा और दुग्ध उत्पादन में प्रदेश को देश में नंबर वन बनाया जाएगा। आज हम सब सोमयज्ञ का हिस्सा बने हैं, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस यज्ञ का विशेष महत्व है। पूरी दुनिया सनातन संस्कृति को समझ रही है। सनातन संस्कृति की अपनी अलग विशेषता रही है। दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में वर्तमान में 9 प्रतिशत दूध उत्पादन होता है जिसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाएगा। दूध उत्पादन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को देश में प्रथम स्थान पर लाया जाएगा।

12 अप्रैल

एम्स भुवनेश्वर में केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन

● केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने एम्स भुवनेश्वर में केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर मल्टीयूटिलिटी (गैस्ट्रोनॉमी) ब्लॉक की आधारशिला भी रखी। अत्याधुनिक केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला सुविधा एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका मकसद अत्याधुनिक चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाना और नवाचार को बढ़ावा देना है। यह सुविधा डॉक्टरों, शोधकर्ताओं और विद्वानों को प्रभावशाली स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करने और एम्स भुवनेश्वर को देश के प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान केंद्रों की श्रेणी में लाने के लिए तैयार है। मल्टीयूटिलिटी (गैस्ट्रोनॉमी) ब्लॉक एक आधुनिक बुनियादी ढांचा परियोजना है, जिसे छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और आम जनता की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटल परिवर्तन में योगदान देते हुए, केंद्रीय मंत्री ने एम्स भुवनेश्वर की संशोधित वेबसाइट को भी लॉन्च किया।

● अमेरिकी सरकार दुनियाभर में अपने राजनयिक मिशनों में बड़ी कटौती की योजना बना रही है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, 10 अमेरिकी दूतावास और 17 वाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट) बंद करने की तैयारी है। इसके साथ ही, कई विदेशी मिशनों में कार्यरत कर्मचारियों की भी छंटनी की जाएगी। ऐसा करके मंत्रालय अपने खर्च में कटौती करना चाहता है। इसके तहत अफ्रीका में छह दूतावास, इरिट्रिया, गाम्बिया, लेसोथो, कांगो गणराज्य और दक्षिण सूडान बंद होंगे। इसी के साथ यूरोप में लक्जमबर्ग और माल्टा के दूतावास बंद होंगे। ग्रेनेडा और मालदीव के मिशन बंद करने का भी प्रस्ताव है। वाणिज्य दूतावासों में सबसे ज्यादा कटौती यूरोप में होगी, जहां फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, इटली और पुर्तगाल में कई कॉन्सुलेट बंद होंगे। दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया में भी अमेरिकी कॉन्सुलेट की संख्या घटाई जाएगी।

13 अप्रैल

ईयू की सात 'सुरक्षित' देशों की सूची में भारत भी शामिल

● यूरोपीय संघ (ईयू) ने भारत और बांग्लादेश समेत सात देशों को 'सुरक्षित



देश' घोषित किया है। अब इन देशों के शरणार्थियों की याचिकाओं का तेजी से निपटारा हो सकेगा। इससे उनकी जल्दी वापसी (डिपोर्टेशन) सुनिश्चित की जा सकेगी। ईयू द्वारा घोषित सुरक्षित देशों के नागरिकों को आम तौर पर अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता नहीं मानी जाती। यूरोपीय संसद की स्वीकृति के बाद यह प्रस्ताव लागू होगा।

● फोम, लेटेक्स से बने बच्चों के गद्दों और बिस्तरों से कई जहरीले केमिकल निकलते हैं। यह केमिकल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को नुकसान पहुंचा सकते हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि शोध के दौरान कमरों की हवा में खतरनाक केमिकल की मौजूदगी मिली, जो बिस्तरों के पास ज्यादा थी। विशेषज्ञों ने कहा कि कॉटन के मैट्रेस बेहतर हो सकते हैं। इनमें यूवी फिल्टर कम होते हैं। साथ ही, कमरे की हवा को ताजगी देने के लिए एयर वेंटिलेशन जरूरी है।

14 अप्रैल

आरबीआई ने लगाई गोल्ड ईटीएफ, फंड के बदले लोन देने पर पाबंदी

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गोल्ड ईटीएफ या गोल्ड म्यूचुअल फंड गिरवी

रखकर लोन देने पर पाबंदी लगाने जा रहा है। गोल्ड लोन से जुड़े अन्य नियम भी सख्त किए जा रहे हैं। आरबीआई ने इनसे जुड़े निर्देशों का एक मसौदा जारी किया है। इसके मुताबिक, लोन देने के लिए गोल्ड ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स) या गोल्ड म्यूचुअल फंड की यूनिट गिरवी रखने पर पाबंदी होगी। दरअसल, सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बीच गोल्ड से जुड़ी एसेट्स गिरवी रखकर लोन लेने का चलन बढ़ रहा है। इसके चलते इस सेगमेंट में गैर-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी), कोऑपरेटिव बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए खतरा बढ़ गया है। इसका कारण ये है कि सोने के दाम घटने पर गिरवी रखी संपत्ति की वैल्यू लोन राशि से भी कम हो सकती है। ऐसी आशंकाओं के चलते रिजर्व बैंक नियमों को सख्त कर रहा है।

15 अप्रैल

एसपीए में पीएच.डी. की आवेदन प्रक्रिया हुई शुरू

● योजना तथा वास्तुकला विद्यालय (एसपीए) ने सत्र 2025 के लिए पीएच.



डी. एडमिशन का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस बार आर्किटेक्चर, अर्बन एंड रीजनल प्लानिंग, एनवायर्नमेंटल प्लानिंग, अर्बन डिजाइन, ट्रांसपोर्ट प्लानिंग, बिल्डिंग इंजीनियरिंग मैनेजमेंट, लैंडस्केप, कंजर्वेशन और डिजाइन डिपार्टमेंट में पीएच.डी. के आवेदन किया जा सकेंगे। एसपीए ने पीएचडी के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन की अंतिम तारीख 30 अप्रैल है। पीएच.डी. प्रोग्राम में एडमिशन एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर होंगे। इसके साथ ही इंटरव्यू भी आयोजित किया जाएगा। मेरिट के आधार पर लिस्ट तैयार होगी और एडमिशन होंगे। एसपीए में फुल टाइम और पार्ट टाइम पीएच.डी. दोनों के विकल्प हैं।

● अमेरिका के साथ बढ़ते ट्रेड वॉर के बीच चीन ने सात कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मैटेरियल) और चुम्बकों के निर्यात पर रोक लगा दी है। कीमती धातुओं में समेरियम, गैडोलीनियम, टरबियम, डिसप्रोसियम, ल्यूटेटियम, स्कैंडियम और इट्रियम शामिल हैं। इसके साथ ही चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी चुंबकों की शिपमेंट पर भी रोक लगा दी है। ये सामग्रियां ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, और एयरोस्पेस उद्योगों के लिए बेहद अहम हैं। चीन के इस फैसले से दुनियाभर में मोटरवाहन, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ेगा।

16 अप्रैल

सीपेट में मई तक होंगे आवेदन



● केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सीपेट) में प्रवेश के लिए

प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए सीपेट में डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसके आवेदन 29 मई तक होंगे। प्रवेश के लिए आयोजित होने वाले सीपेट एडमिशन टेस्ट (सीएटी) के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। सीपेट की आधिकारिक वेबसाइट www.cipet.gov.in के माध्यम से आवेदन किए जा सकेंगे। संस्थान में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा आठ जून को होगी। यहां डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी), तीन साल का कोर्स, डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डीपीटी) (10वीं पास के लिए) पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग (पीजीडी-पीपीटी), दो साल का कोर्स (विज्ञान स्नातकों के लिए) पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाइन विथ कैड/कैम, 1.5 साल का कोर्स (इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारकों के लिए) किए जा सकते हैं। सीपेट प्रवेश परीक्षा बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होती है, जिसमें गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों से सवाल पूछे जाते हैं।

● अमेरिका में डॉक्टर लिवर से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए प्रयोग कर रहे हैं। इसके लिए वे इस पर शोध करेंगे कि जीन में बदलाव किए गए सूअर के लिवर से उन लोगों का इलाज किया जा सकता है क्या, जिनके लिवर ने अचानक काम करना बंद कर दिया हो। अंग ट्रांसप्लांट में अनुसंधान कर रही कंपनी 'ईजेनेसिस' के अनुसार, पहले क्लीनिकल ट्रायल खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने मंजूरी दे दी है। ईजेनेसिस साझेदार कंपनी 'ऑर्गनऑक्स' के साथ इस पर काम कर रही है। ईजेनेसिस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी माइक कर्टिस ने कहा कि चार शर्तों के साथ किए गए प्रयोगों में यह पता चला कि सूअर का लिवर दो या तीन दिनों तक मानव लिवर के कुछ कामकाज में मदद कर सकता है।

17 अप्रैल

लेजर हथियार प्रणाली से ड्रोन-मिसाइल मार गिराने वाला चौथा देश बना भारत

● भारत ने हाई-पावर लेजर हथियार से फिक्स्ड-विंग, मिसाइल और स्वार्म ड्रोन को गिराने की क्षमता का प्रदर्शन किया। यह क्रांतिकारी तकनीक है, जिसमें 30 किलोवॉट के एमके-II (ए) हथियार को आर्मी ट्रक पर लगाकर उड़ते ड्रोन पर लेजर बीम के जरिए निशाना लगाया गया। चंद सेकंड में लेजर बीम ने ड्रोन के सर्विलांस सेंसर और एंटिना को नष्ट कर गिरा दिया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) चेयरमैन श्री समीर वी. कामत ने बताया कि ड्रोन युद्ध में यह अत्याधुनिक सिस्टम हमारे सशस्त्र बलों के लिए क्रांतिकारी साबित होगा। यह एमके-11(ए) का जमीन से हवा में निशाना लगाने वाला संस्करण है। अभी अमेरिका, रूस, चीन के पास ही ऐसी लेजर डायरेक्टेड एनर्जी वेपन प्रणाली है। इजरायल इसे विकसित कर रहा है। इस प्रणाली वाले हम चौथे देश हैं।

● चांद का एक हिस्सा उसके सामने वाले हिस्से से एकदम अलग है। यह जानकारी कई एक शोध में सामने आई। एक हिस्से में बहुत ज्यादा गड्ढे हैं और मैदानी इलाका कम है। वैज्ञानिकों ने दोनों सतहों के बीच बहुत अंतर होने की जानकारी दी है। प्राप्त नमूनों की जांच के बाद शोधकर्ताओं का कहना है कि चांद की दूर वाली सतह धरती के नजदीक दिखने वाले हिस्से की तुलना में बहुत अधिक सूखी है। नेचर पत्रिका प्रकाशित रिसर्च में यह जानकारी दी गई है। चीन चंद्रमा के दूसरे हिस्से से नमूने लेने वाला पहला देश है। चीनी अंतरिक्ष यान चांग ई-6 ने चांद के दक्षिणी ध्रुव से लगभग दो किलो मिट्टी निकाली थी। वर्ष 1990 तक चंद्रमा को बेहद शुष्क माना जाता था। इसके बाद भारत सहित कई देशों के अध्ययनों से संकेत मिले हैं कि चांद की सतह के ज्यादातर हिस्से पर बर्फ है। चीनी शोधकर्ताओं को दूसरे हिस्से से मिले नमूनों में लावा के कड़े टुकड़े मिले हैं। कुछ चट्टानें 2.8 अरब वर्ष पुरानी बताई गई हैं।

18 अप्रैल

जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती सिमरी गांव में पहली बार बिजली पहुंची

● जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के दुर्गम कर्नाह घाटी के सिमरी गांव के सभी 53 घरों में पहली बार बिजली पहुंची है। पाकिस्तान की सीमा से लगे और देश के चुनावी प्रक्रिया में पोलिंग बूथ क्रमांक एक वाले इस गांव में 347 लोग रहते हैं। शहीद कर्नल संतोष महादिक के नाम पर सेना और असीम फाउंडेशन ने यहां सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट पूरा किया। इसके लिए सोलर माइक्रो ग्रिड बनाए गए हैं। इसके साथ ही गांव को चार हिस्सों में बांटकर हाई एफिशिएंसी सोलर पैनल, इन्वर्टर और बैटरी बैंक लगाए गए हैं।

● भीषण गर्मी की मार झेल रही गरीब कामकाजी महिलाओं को हीट वेव इंश्योरेंस (तापमान बीमा) योजना से अब बड़े स्तर पर मदद मिलेगी। 'क्लाइमेट रेजिलिएंस फॉर ऑल (सीआरए)' और 'सेल्फ-एम्प्लॉइड विमेन एसोसिएशन' (सेवा) ने मिलकर यह योजना शुरू की है। यह बीमा वर्ष 2025 में राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश, असम, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और बिहार की 2.5 लाख महिलाओं को मिलेगा। सीआरए के वुमंस क्लाइमेट शॉक इंश्योरेंस एंड लाइवलीहुड इनिशिएटिव के तहत यह मदद दी जाएगी। जो महिलाएं सेल्फ एम्प्लॉइड वुमंस एसोसिएशन (सेवा) की सदस्य हैं और जो अत्यधिक गर्मी में किए जाने वाले काम जैसे सड़क पर सब्जी-फल बेचना, खेती या मजदूरी करती हैं, उन्हें इसका लाभ मिलेगा। इसके लिए महिलाओं का बैंक खाता होना जरूरी है। जिलों का मौसम अलग-अलग होने के कारण भुगतान राशि भी अलग-अलग होगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला
साप्ताहिक समाचार पत्र

प्रदेश के छिन्दवाड़ा, धार, रतलाम, राजगढ़ एवं नीमच में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालयीन समय में संपर्क करें
0755-2760006

प्रमुख आकर्षण
- कॅरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

वर्ष 42, अंक 17 21.04.2025 से 27.04.2025

रोज़गार और निर्माण

rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

प्रदेश के किसानों की समृद्धि में सहायक बनेगा कृषक कल्याण मिशन

मध्यप्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों को खुशहाल और समृद्ध बनाने के लिये निरंतर समग्र प्रयास के साथ आगे बढ़ रही है। राज्य सरकार, प्रदेश की समृद्धि के लिये किसानों को समृद्ध करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है, क्योंकि जब किसान समृद्ध होगा, तभी गांव समृद्ध होगा और गांव समृद्ध होगा, तो प्रदेश समृद्ध होगा। प्रदेश की समृद्धि में ही देश की समृद्धि निहित है। प्रदेश में किसान पुत्रों को किसानी के साथ उद्योगपति बनाने के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। किसानों को उपज की ग्रेडिंग, सार्टिंग और मॉर्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि किसान अपनी कृषि उपज से संबंधित उद्योग लगायें तथा अन्य उत्पाद तैयार कर और अधिक दाम प्राप्त कर सकें। किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन की शुरुआत करने जा रही है। इसके लिये रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मिशन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह मिशन किसानों और उनके परिवार के सदस्यों को सशक्त बनाएगा। इससे पहले राज्य सरकार युवा, नारी शक्ति और गरीब कल्याण मिशन आरंभ कर चुकी है। मिशन की साधारण सभा के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। मिशन क्रियान्वयन की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव रहेंगे। मिशन के क्रियान्वयन जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में किया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकास के लिए गरीब, युवा, नारी और किसानों के कल्याण पर जोर दिया है। विकास के इसी मंत्र के आधार पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में इन वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन में किसानों के कल्याण के लिए किए जाने वाले सभी कार्यों को एक प्लेटफॉर्म दिया जाएगा। मध्यप्रदेश कृषक कल्याण मिशन का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना है। कृषि को जलवायु अनुकूल बनाना है। इसमें धारणीय कृषि पद्धतियों को अपनाकर जैव विविधता और परंपरागत कृषि ज्ञान संरक्षण का कार्य किया जाएगा। पोषण एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इससे किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। किसान कल्याण तथा कृषि विकास, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, सहकारिता और खाद्य नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग कृषक कल्याण मिशन में अहम भूमिका सुनिश्चित करेंगे। इस मिशन के अपेक्षित परिणाम पर बात करें तो मिशन में दीर्घकालिक लक्ष्य रखे गये हैं। इसमें उद्यानिकी फसलों का सकल मूल्य कृषि आधारित फसलों से अधिक किया जाना, उद्यानिकी फसलों का क्षेत्रफल राष्ट्रीय औसत के बराबर लाना, कृषि यंत्रीकरण को डेढ़ गुना करना, कृषि क्षेत्र में पूंजी निवेश को 75 प्रतिशत बढ़ाना, प्रदेश को नरवाई जलाने से मुक्त करना, जैविक, प्राकृतिक, जीएपी कृषि के अंतर्गत संपूर्ण बोये गये क्षेत्र का 10 प्रतिशत हिस्सा पहुंचाना, सूक्ष्म सिंचाई को 20 प्रतिशत क्षेत्रफल तक पहुंचाना, फसल बीमा का कवरेज 50 प्रतिशत तक करना है।

मिशन में संकर तथा उन्नत बीजों का विस्तार आधे क्षेत्रफल तक करना, प्रदेश के अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाना तथा सौर ऊर्जा पम्प अनुदान पर उपलब्ध कराना, किसानों द्वारा अतिरिक्त बिजली को विद्युत वितरण कंपनी को देने पर राशि का भुगतान किया जाना, समस्त अस्थाई कनेक्शनधारी किसानों को सौर ऊर्जा पंप सेट उपलब्ध कराये जाना, नये प्रसंस्करण क्षेत्रों की स्थापना करना, विपणन नेटवर्क का विस्तार, प्रदेश से बाहर की मंडियों तक पहुंच बढ़ाना तथा किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से 100 मंडियों का आधुनिकीकरण किये जाने के साथ मत्स्य बीज के मामले में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना सहित अन्य विषय शामिल किये गये हैं।

पृथ्वी पर जीवन के विकास में प्लेट टेक्टोनिक्स का है बड़ा महत्व

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाले वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से जुड़ा हाल ही में एक नया शोध कार्य पूरा किया। प्रकाशित शोध के अनुसार पृथ्वी से जुड़े एक प्राचीन रहस्य की परतों को खोलने का प्रयास किया गया है, जिससे पृथ्वी के 4.5 अरब साल पुराने इतिहास से जुड़ी जानकारी सामने आई है। इस खोज ने पृथ्वी के प्रारंभिक इतिहास के बारे में हमारी समझ को बदल दिया है। अब, वैज्ञानिकों को पृथ्वी की प्रारंभिक सतह की भूगतिकी का अध्ययन करना होगा ताकि यह पता चल सके कि यह कब स्थिर हुई इसके अलावा, पृथ्वी के विकास और जीवन के विकास पर इसके प्रभावों का भी पुनर्मूल्यांकन करना होगा। पृथ्वी की प्रारंभिक अवस्था में वैज्ञानिकों के बीच एक बड़ा सवाल था कि क्या इस ग्रह पर प्लेट टेक्टोनिक्स थी या नहीं, कुछ का मानना है कि उस समय पृथ्वी की सतह स्थिर थी, जैसे कि मंगल ग्रह की, जबकि अन्य का कहना है कि यह प्रक्रिया रुक-रुक कर चलती थी। प्लेट टेक्टोनिक्स जो महासागरों और वायुमंडल से गहराई से जुड़ी है, पृथ्वी के आंतरिक भाग से गर्मी के निकलने और कार्बन के चक्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी कारण इसे पृथ्वी पर जीवन के विकास के लिए भी आवश्यक माना जाता है। टेक्टोनिक प्लेटों की गति से ज्वालामुखी गतिविधि होती है और द्वीप चापों पर जैसे कि 'रिंग ऑफ फायर', इस ज्वालामुखी का एक विशेष रासायनिक फिंगरप्रिंट होता है। वैज्ञानिक लंबे समय से यह मानते रहे हैं कि इस फिंगरप्रिंट की उपस्थिति से प्लेट टेक्टोनिक्स की शुरुआत का पता लगाया जा सकता है। लेकिन प्राचीन चट्टानों की कमी और प्लेट टेक्टोनिक्स की जटिल प्रक्रियाओं ने इस कार्य को कठिन बना दिया है। वर्ष 2024 की शुरुआत में वैज्ञानिकों की एक टीम ने नया दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने गणितीय मॉडल का उपयोग करके पृथ्वी के प्रारंभिक मेंटल के पिघलने की डिग्री और रासायनिक तत्वों के व्यवहार का अध्ययन किया और उनके निष्कर्षों के आधार पर कार्य को आगे बढ़ाया।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

विश्व अर्थ दिवस

वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पहचानने का समय

हम अक्सर दो शब्द काफी सुनते-पढ़ते हैं- ग्लोबल वॉर्मिंग और सस्टेनेबिलिटी। इनका तात्पर्य होता है भू-मंडलीय ऊष्मीकरण एवं अस्तित्व बनाये रखना या सतत विकासा खासतौर से जब भी ग्रीष्मकाल आता है, ये शब्द हमारे कानों में पड़ने लगते हैं। टीवी, अखबार देखो तो लगता है कि दुनिया सूर्य की प्रचंड गर्मी से झुलसने वाली है, चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है। कई बार तो ऐसा लगता है जैसे अचानक कोई ऐसा विशालकाय ज्वालामुखी फटेगा और उसमें से ऐसा लावा निकलेगा, जो पूरी दुनिया को राख कर देगा। हो सकता है, वैसा न हो और यह भी हो सकता है कि किसी दिन सचमुच ऐसा भी हो जाये। यह कोई डराने वाली बात नहीं है, बल्कि सचेत करने वाली है कि इससे पहले कि प्रलय से धरती डूबे और उसका अस्तित्व समाप्त हो या समूची धरती दावानल बनकर भस्म हो जाये, हमें वास्तविक रूप में इस पुण्य-पावन धरती को बचाने, उसे प्राकृतिक ताप से न्यूनतम प्रभावित रखने के लिये युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे अभी से। इसी क्षण से। या यूं कहें कि जितनी हमारी सांसें हैं, उतने ही प्रयास हम अपनी धरती को बचाने के लिये करें तो मां शब्द से सुशोभित यह धरती हमारे अस्तित्व को भी बचा ले।

हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस विषय पर चिंता व्यक्त की और उसके समाधान की तरफ संकेत भी किया। 9 अप्रैल को दिल्ली में नवकार महामंत्र दिवस के समारोह में वे शामिल हुए तो उन्होंने सगर्व कहा कि जैनवाद में सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल का उपयोग लंबे समय से किया जा रहा है, जो ग्लोबल वॉर्मिंग से बचाने में सहायक है। जैन समुदाय में आज भी ज्यादातर लोग रात्रि पूर्व भोजन कर लेते हैं। जीव दया उनकी प्राथमिकता में रहता है। जैन-मुनि-साध्वी, संत सादा जीवन, उच्च विचार के पर्याय हैं। वे पैदल यात्रा करते हैं। काष्ठ पात्र में जल-भोजन ग्रहण करते हैं। निरामिष भोजन करते हैं। यात्रा के लिये वाहनों का उपयोग नहीं करते हैं।

मोदी जी के कहने का सीधा-सा आशय यह था कि भले ही आम जैन व्यक्ति सौ प्रतिशत वैसा जीवन न जीता हो, उसकी अपनी व्यावहारिक दिक्कत हो, लेकिन उनका बड़ा वर्ग उन आदर्शों को, दिनचर्या को अपनाता है। यही है सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल। यदि देश, दुनिया के लोग धीरे-धीरे ही सही, इस तरह के जीवन को अंगीकार कर सकते हैं तो हम ग्लोबल वॉर्मिंग से निपट सकते हैं। इसके खतरे को कम कर सकते हैं। मनुष्य ही नहीं प्राणीमात्र को पृथ्वी पर युगों तक अक्षुण्ण रख सकते हैं।

यह समस्या कोई अचानक मुंह बायें आकर खड़ी नहीं हो गई। इस पर सबसे पहले चिंता प्रकट की गई विस्कॉसिन (अमेरिकी) के सीनेटर गेलार्ड नेल्सन ने। उन्होंने 1969 में सुझाव दिया था कि पृथ्वी को बचाने के लिये वैश्विक स्तर पर प्रयास प्रारंभ करने चाहिये। उनके सुझाव को मानते हुए 1970 से विश्व पृथ्वी दिवस मनाने की शुरुआत हुई। तब के माने हुए विज्ञापन मुद्रण लेखक जुलियन केनिग ने इसे वर्ल्ड अर्थ डे नाम दिया तो तय हुआ कि उनके जन्म दिन 22 अप्रैल को विश्वभर में इसे मनाया जाये। तब से ही इस दिशा में दुनिया ने सोचना शुरू किया। प्रमुख चिंता यह भी कि पृथ्वी के तापमान को कम कैसे किया जाये या बढ़ने से कैसे रोका जाये। यह एक लंबी प्रक्रिया है, जिसे रातोरात नहीं किया जा सकता। न ही किसी एक व्यक्ति या एक राष्ट्र के करने से कुछ होगा। समग्र दुनिया को एकसाथ अपनी-अपनी जगह पर वे तमाम उपाय करने होंगे, जिससे ग्लोबल वॉर्मिंग रुके।

इतना तो हम जानते ही हैं कि विश्व के तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। इसका मुख्य कारण है ग्रीन हाउस गैसों का तीव्रता से उत्सर्जन, जिसके कारण सूर्य की गर्मी पृथ्वी के वातावरण में फंस जाती है और धरती उबलने लगती है। याने सूर्य की गर्मी को रोकना है या कम करना है तो ग्रीन हाउस गैसों को नियंत्रित करना ही होगा। ग्रीन हाउस गैस यानी कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइडा ये गैस बनती हैं जीवाश्म ईंधन के प्रयोग से, औद्योगिक गतिविधियों से, वाहनों के अत्यधिक प्रयोग से, बिजली की तीव्र खपत से। बिजली से चलने वाले जितने उपकरण हैं, वे ग्रीन गैस के जनक हैं। आप समझ सकते हैं कि फ्रिज, माइक्रोवेव, एअर कंडीशनर, इस्तरी, पंखे आदि इन्हीं श्रेणियों में हैं।

हमें लग सकता है कि इन संसाधनों के बिना तो जीवन ही नहीं है। यह तात्कालिक रूप से तो सही ठहराया जा सकता है, लेकिन यह अंतिम सत्य नहीं हो सकता मतलब यह भी नहीं कि हम आदिम युग की भांति जीवन यापन करें। यहां प्रमुख मुद्दा यह है कि हम पूरी तरह से कृत्रिम जीवन पर निर्भर हो जायें या अधिकतम प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए जीवन को आनंद के साथ व्यतीत करें और पृथ्वी का जीवन लंबा करें। भौतिक जीवन की चाह एक सीमा तक उचित तो मानी जा सकती है, लेकिन जब पृथ्वी से मानव जीवन ही समाप्त हो जायेगा, तब इन भौतिक संसाधनों का क्या मतलब रह जायेगा। बस, तब यह जरूर होगा कि आप कुछ भी जानने के लिये नहीं बचेंगे। सौर ऊर्जा और बैटरी चलित वाहनों का बढ़ता उपयोग थोड़ी आशा पैदा कर रहा है, लेकिन अन्य कारगर उपायों पर भी विशद अध्ययन करना होगा।

अनेक ऐसे अध्ययन सामने आये हैं कि पृथ्वी का औसत तापमान जब 60 डिग्री को पार करेगा, तब मानव जीवन बचाना असंभव-सा हो जायेगा। पृथ्वी के तापमान बढ़ने से केवल मनुष्य या प्राणी जगत में ही हाहाकार नहीं मचेगा, बल्कि ग्लेशियर्स पिघलना तो प्रारंभ हो ही चुके हैं। इससे समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है, जो प्रलय की चेतावनी समान है। याने आप एक हाथ से ताली बजायेंगे तो प्रकृति दूसरे हाथ से तमाचे जड़ेगी, हिसाब बराबर। इस ग्लोबल वॉर्मिंग को रोकने का सबसे प्रभावी और तात्कालिक उपाय तो यह है कि हम अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगायें। इससे एकतरफा गर्मी कम नहीं होगी, लेकिन उसका ताप नियंत्रित अवश्य हो सकेगा। ऐसा माना जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कम से कम 7 तथा आदर्श रूप से 27 पौधे अवश्य लगाने चाहिये। चूंकि इस समय समूची दुनिया में हम प्रतिवर्ष 15 अरब पेड़ काट रहे हैं तो उसका संतुलन बनाये रखने के लिये न्यूनतम प्रयास तो करने ही होंगे। ऐसा कहा जाता है कि पृथ्वी के एक-तिहाई हिस्से पर यदि पेड़-पौधे हैं तो वह धरती का तापमान औसत रखने में सहायक हो सकता है।

हम भारत की बात करें तो आंकड़ों में हमारे क्षेत्रफल की तुलना में 25.17 प्रतिशत पेड़ हैं। हमारा वन एवं वृक्ष आवरण 8 लाख 27 हजार 357 वर्ग किलोमीटर है। भारत में प्रति व्यक्ति 28 पेड़ हैं, जो वैश्विक स्तर से मीलों पीछे हैं। अमेरिका में यह औसत प्रति व्यक्ति 716, कनाडा में 8953, चीन में 102 पेड़ हैं। मोदी जी ने नवकार महामंत्र दिवस पर सस्टेनेबेल लाइफ स्टाइल की व्याख्या कुछ इस तरह से की थी-सतत विकास याने वर्तमान जरूरतों को पूरा करना और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता बनाये रखना। पृथ्वी को गर्म करने में प्लास्टिक के उपयोग का भी बड़ा योगदान है। हालांकि विश्व स्तर पर इससे बचने के प्रयास शुरू हुए हैं, लेकिन वे सागर में बूंद समान ही हैं। इसके लिये फोर आर का फॉर्मूला भी दिया गया है- रिफ्यूज, रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल। अनेक देशों में इस पर काफी काम हो रहा है। भारत में इंदौर नगर निगम ने इस दिशा में सबसे पहले पहल की, जिसे देश और दुनिया में सराहा गया। अब तो देशभर के नगरीय निकाय इस फोर आर को समझने आते हैं और लौटकर इसे अपने शहर में अपना रहे हैं। इंदौर ही ऐसा शहर भी है, जो लगातार सात वर्ष से स्वच्छता में पहला स्थान पा रहा है और आठवीं बार भी इसे पाने के नजदीक है। वह छह तरीके के कचरे को अलग करता है, फिर उसे खाद सहित अन्य उपयोग में ले रहा है, जिसमें से प्लास्टिक वेस्ट से सफलतापूर्वक सड़क निर्माण भी कर चुका है। एक शोध के मुताबिक प्लास्टिक सामान्यत: 450 वर्ष में नष्ट हो पाता है याने तब तक वह पृथ्वी की उर्वरकता को तो प्रभावित करता ही है ग्लोबल वॉर्मिंग को बढ़ाने में भी योगदान देता है।

कहने का तात्पर्य यह कि यदि मनुष्य ठान ले तो असंभव कुछ नहीं है। पूरी दुनिया एक और जबरदस्त गलतफहमी की शिकार है। उसे पृथ्वी के चारों तरफ पानी नजर आता है, लेकिन वे नहीं जानते कि पृथ्वी पर उपलब्ध केवल एक प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। याने खारा पानी किसी काम का नहीं। धरती पर गर्मी बढ़ने से ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जिससे खारा पानी बढ़ रहा है।

ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में भारत में भी अनेक महानुभाव भरपूर योगदान दे रहे हैं। आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर चेतनसिंह सोलंकी के प्रयास अनुकरणीय हैं। वे देशभर में भ्रमण कर इस बारे में चेतना जगा रहे हैं। उनके घर पर फ्रिज, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव, इस्तरी, एअर कंडीशनर आदि नहीं हैं। वे घर में रात के समय कम रोशनी का उपयोग करने की सलाह भी देते हैं। निजी वाहनों की बजाय सार्वजनिक परिवहन के साधन अपनाना भी कॉर्बन उत्सर्जन रोकने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। भविष्य के इस भयानक खतरे को भापते हुए दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चिंतायें, चर्चायें हो रही हैं। इसके समाधान खोजे जा रहे हैं। इन सबका सार एक ही है कि जीवन पद्धति सुधारें, प्रकृति से नजदीकी बढ़ायें। भौतिक साधनों से परहेज करें और विश्व कल्याण की भावना वाला आचरण रखें।

- रमण रावल

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।)

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

स्कोप कॉम्पलेक्स, कोर-8, छठा तल, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

भारत पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र का मिनीरत्न उपक्रम है, जो भारत को एक पर्यटन गंतव्य अवसंरचना विकास–कार्य और संबर्धन में सहायता करने में कार्यरत है। भारत पर्यटन विकास निगम के मुख्य कार्यकलापों में होटलों का प्रबंधन एवं प्रचालन, परिवहन सुविधाएं, मनोरंजन, समारोह प्रबंधन एवं शुल्क मुक्त खरीदारी सुविधाएं शामिल है। इसके अलावा आईटीडीसी पर्यटन और आतिथ्य के क्षेत्र में प्रशिक्षण और शिक्षा भी प्रदान करता है :–

आईटीडीसी सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित नियमित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है :–

पद कोड	पदनाम और ग्रेड	वेतनमान (आईडीए)	01.04.2025 को अधिकतम आयु सीमा	रिक्तियों की संख्या
डीजीएम (एटीटी) / 01 / 25	उप प्रधान प्रबंधक (अशोक ट्रैवल एंड टुअर्स), ई–4	70,000– 2,00,000 / – रुपए	45 वर्ष	02 (01–यूआर और 01–एससी)
प्रबंधक (एफएंडए) / 02 / 25	प्रबंधक (एफएंडए), ई–2	50,000– 1,60,000 / – रुपए	35 वर्ष	01 (01–यूआर)
एएम (एचओ) / 03 / 25	सहायक प्रबंधक (होटल प्रचालन), ई–1	40,000– 1,40,000रु– रुपए	30 वर्ष	05 (02–ओबीसी, 02–एससी और 01–एसटी)
शेफ / 04 / 25	शेफ, ई–1	40,000– 1,40,000 / – रुपए	30 वर्ष	04 (02–ओबीसी, 01–एसटी और 01–यूआर)
एएम (एआईटीडी) / 05 / 25	सहायक प्रबंधक (एआईटीडी), ई–1	40,000– 1,40,000 / – रुपए	30 वर्ष	02 (02–यूआर)
[illegible] (समारोह) / 06 / 25	सहायक प्रबंधक (समारोह), ई–1	40,000– 1,40,000 / – रुपए	30 वर्ष	03 (02–ओबीसी और 01–एसटी)
एएम (एमएमएंडडी) / 07 / 25	सहायक प्रबंधक (एमएमएंडडी), ई–1	40,000– 1,40,000 / – रुपए	30 वर्ष	02 (01–अनारक्षित एवं 01–ओबीसी)
एएम (एचआर) / 08 / 25	सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन), ई–1	40,000– 1,40,000 / – रुपए	30 वर्ष	03 (01–अनारक्षित, 01–ओबीसी और 01–एससी)
एएम (एटीटी) / 09 / 25	सहायक प्रबंधक (अशोक ट्रैवल एंड टुअर्स), ई–1	40,000– 1,40,000 / – रुपए	30 वर्ष	01 (01–ओबीसी)
एएम (विधि) / 10 / 25	सहायक प्रबंधक (विधि), ई–1	40,000– 1,40,000 / – रुपए	30 वर्ष	01 (01–यूआर)
एसीएस / 11 / 2025	सहायक कंपनी सचिव, ई–1	40,000– 1,40,000 / – रुपए	30 वर्ष	02 (02–यूआर)

*एससी / एसटी / ओबीसी / दिव्यांग / भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट भारत सरकार के निर्देशानुसार होगी।

यूआर – अनारक्षित, ओबीसी – अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी – अनुसूचित जाति, एसटी– अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूडी – दिव्यांग व्यक्ति

पात्रता मानदंडः नीचे दिए गए पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

डीजीएम (एटीटी) / 01 / 25	**पात्रता मापदंड** (क) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातक। **या** (ख) भारत में किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ पर्यटन / यात्रा में 02 वर्षीय एमबीए या मास्टर्स / पीजी डिप्लोमा के साथ स्नातक। (इस मानदंड के अंर्तगत अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी) । **अनुभव** टुअर्स एवं ट्रैवल्स / पर्यटन क्षेत्र में कार्यकारी क्षमता में न्यूनतम 13 वर्ष का योग्यता–पश्चात कार्य अनुभव। (i) अधिकारी जो सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्य कर रहे हैं / कर चुके हैं, उनके पास एक स्केल नीचे अर्थात् 60000–180000 / – रुपए आईडीए संशोधित ई–3 स्तर / 67,700–2,08,700 / – रुपए सीडीए नियमित आधार के संशोधन में एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। **या** (ii) अधिकारी जो निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं / कर चुके हैं या उपर्युक्त (i) के अंतर्गत नहीं आते, उन्हें पिछले एक वर्ष में न्यूनतम 18 लाख रुपए (पीआरपी राशि को छोड़कर) प्रति वर्ष का सीटीसी प्राप्त होना चाहिए। **वांछनीय :** लॉजिस्टिक्स एवं कार्गो में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त वरीयता दी जाएगी।
प्रबंधक (एफएंडए) / 02 / 25	**पात्रता मापदंड** किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से 55% अंकों के साथ सीए / आईसीडब्ल्यूए या प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (वित्त में विशेषज्ञता के साथ) / एमबीए (वित्त)। **अनुभव** प्रासंगिक क्षेत्र में न्यूनतम 07 वर्ष का योग्यता–पश्चात अनुभव। (i) जो अधिकारी सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में काम कर रहे हैं / कर चुके हैं, उनके पास एक स्केल नीचे अर्थात् 40000–140000 / – रुपए, आईडीए या 56,100–1,77,500 / – रुपए संशोधित सीडीए में नियमित आधार पर एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। **या** (ii) ऐसे कार्यपालक जो निजी क्षेत्र / बैंकिंग / बीमा / वित्तीय क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं / कर चुके हैं, उनके पास एनएसई या बीएसई (समूह क या ख में) में सूचीबद्ध कंपनियों में निर्धारित कुल न्यूनतम 07 वर्ष के योग्यता–पश्चात अनुभव में से कम से कम 02 वर्ष का अनुभव होना चाहिए और उन्हें पिछले एक वर्ष के लिए न्यूनतम 9 लाख रुपए प्रति वर्ष का वार्षिक सीटीसी होना चाहिए। **वांछनीय** 1. कंपनी सचिव 2. अभ्यर्थी को एमएस ऑफिस जैसे कंप्यूटर एप्लीकेशन का कार्यसाधक ज्ञान / जानकारी होनी चाहिए।
एएम (एचओ) / 03 / 25	**पात्रता मापदंड** भारत में किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ आतिथ्य प्रबंधन एवं होटल प्रशासन में पूर्णकालिक डिग्री या न्यूनतम 55% अंकों के साथ भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विदेश से समकक्ष डिग्री। **अनुभव** होटल प्रचालन / आतिथ्य व्यवसाय में न्यूनतम 02 वर्ष का योग्यता–पश्चात अनुभव। वर्तमान / अंतिम आहरित वार्षिक सीटीसी 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। **वांछनीय :** जिन अभ्यर्थियों ने एनएचटीईटी उत्तीर्ण कर ली है और एनसीएचएमसीटी से मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 01 वर्ष का शिक्षण अनुभव है, उन्हें अतिरिक्त वरीयता दी जाएगी।
शेफ / 04 / 25	**पात्रता मापदंड** भारत में किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ आतिथ्य प्रबंधन एवं होटल प्रशासन में पूर्णकालिक डिग्री या न्यूनतम 55% अंकों के साथ भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विदेश से समकक्ष डिग्री।

	अनुभव प्रासंगिक क्षेत्र में न्यूनतम 02 वर्ष का योग्यता–पश्चात अनुभव। वर्तमान/अंतिम आहरित वार्षिक सीटीसी 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। व्यापार परीक्षण (ट्रेड टेस्ट) चयन प्रक्रिया का एक अंग होगा। **वांछनीय :** जिन अभ्यर्थियों ने एनएचटीईटी उत्तीर्ण की है और एनसीएचएमसीटी से मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 01 वर्ष का शिक्षण अनुभव रखते हो, उन्हें अतिरिक्त वरीयता दी जाएगी।
एएम (एआईटीडी)/ 05/25	**पात्रता मापदंड** किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ बिक्री/विपणन/विदेश व्यापार/खुदरा प्रबंधन/पर्यटन में 02 वर्ष की समकक्ष अवधि का पूर्णकालिक एमबीए या पीजीडीबीए/पीजीडीबीएम/पीजीडीएम। **अनुभव** प्रासंगिक क्षेत्र में न्यूनतम 02 वर्ष का योग्यता–पश्चात अनुभव। वर्तमान/अंतिम आहरित वार्षिक सीटीसी 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। **वांछनीय :** भारतीय सीमा शुल्क विनियमों और आयात–निर्यात प्रक्रियाओं का अच्छा ज्ञान रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
एएम(समारोह) /06/25	**पात्रता मापदंड** (क) सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ होटल प्रबंधन/आतिथ्य प्रबंधन/होटल प्रशासन में पूर्णकालिक डिग्री। **या** (ख) पूर्णकालिक एमबीए या पीजीडीबीए/पीजीडीबीएम/पीजीडीएम समकक्ष अवधि अर्थात समारोह प्रबंधन में न्यूनतम 55% अंकों के साथ 02 वर्ष का अनुभव। **अनुभव** बैंक्विट/होटल प्रचालन/समारोह प्रबंधन/आतिथ्य में न्यूनतम 02 वर्ष का योग्यता–पश्चात अनुभव। वर्तमान/अंतिम आहरित वार्षिक सीटीसी 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।
एएम (एमएमएंडडी) /07/25	**पात्रता मापदंड** (क) न्यूनतम 55% अंकों के साथ सामग्री प्रबंधन में पूर्णकालिक एमबीए। **या** (ख) न्यूनतम 55% अंकों के साथ सामग्री प्रबंधन में 02 वर्षीय पीजी डिप्लोमा के साथ स्नातक। उपर्युक्त डिग्री सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राप्त की जानी चाहिए। **अनुभव** प्रासंगिक क्षेत्र में न्यूनतम 02 वर्ष का योग्यता–पश्चात अनुभव। वर्तमान/अंतिम आहरित वार्षिक सीटीसी 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।
एएम (एचआर) /08/25	**पात्रता मापदंड** किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ मानव संसाधन/कार्मिक प्रबंधन/आईआर/श्रम कल्याण में विशेषज्ञता (प्रमुख विषय) के साथ न्यूनतम 02 वर्ष की अवधि का प्रबंधन में पूर्णकालिक एमबीए या पीजी डिग्री/डिप्लोमा। **अनुभव** प्रासंगिक क्षेत्र में न्यूनतम 02 वर्ष का योग्यता–पश्चात अनुभव। वर्तमान/अंतिम आहरित वार्षिक सीटीसी 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। **वांछनीय :** विधि (लॉ) में स्नातक
एएम (एटीटी) /09/25	**पात्रता मापदंड** (क) भारत में किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में पूर्णकालिक स्नातक और टूर/ट्रैवल/एयर टिकटिंग में न्यूनतम 04 वर्ष का योग्यता–पश्चात कार्य अनुभव। **या** (ख) भारत में किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ टुअर्स/ट्रैवल/टूरिज्म में 02 वर्षीय एमबीए/मास्टर्स/पीजी डिग्री/पीजी डिप्लोमा के साथ पूर्णकालिक स्नातक तथा टुअर्स/ट्रैवल/एयर टिकटिंग में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव। वर्तमान/अंतिम आहरित वार्षिक सीटीसी 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। **वांछनीय :** आईएटीए (IATA) की योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त वरीयता दी जाएगी।
एएम (विधि) /10/25	**पात्रता मापदंड** प्रथम श्रेणी विधि स्नातक के साथ बार में 02 वर्ष का अनुभव, जिसमें से 01 वर्ष न्यायालयों में स्वतंत्र रूप से मुकदमों का प्रचालन करने का तथा किसी प्रतिष्ठित फर्म में सिविल, कराधान, कंपनी कानून/श्रम कानून, संपदा मामलों आदि से निपटने का पूर्ण अनुभव या किसी पीएसयू या प्रतिष्ठित निजी संगठन में सहायक विधि अधिकारी के रूप में 02 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव। वर्तमान/अंतिम आहरित वार्षिक सीटीसी 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।
एसीएस/11/2025	**पात्रता मापदंड** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान से संबंधित सदस्य। **अनुभव** किसी सूचीबद्ध संस्था में सचिवीय कार्य का न्यूनतम 02 वर्ष का योग्यता–पश्चात अनुभव। वर्तमान/अंतिम आहरित वार्षिक सीटीसी 5 लाख रुपए प्रति वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। **वांछनीय :** विधि (लॉ) में स्नातक

विस्तृत विज्ञापन हेतु, हमारी वेबसाइट **www.itdc.co.in=>Careers** देखें। शुद्धि–पत्र/परिशिष्ट, यदि कोई होगा, तो केवल आईटीडीसी की वेबसाइट पर ही जारी किया जाएगा। उपर्युक्त विज्ञापन से संबंधित, किसी भी जानकारी के लिए **recruitment@itdc.co.in** को विशेष रूप से संबोधित करें।

नोट : ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30.04.2025 है।

(सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग)
शा. राजकीय प्रौढ़ मूक बधिर प्रशिक्षण संस्थान
दिव्यांग आवासीय विद्यालय संकुल, संस्कृति रायल सिटी, राऊ, इन्दौर

श्रवण बाधितों के लिये DCA (Diploma in Computer Application)

म.प्र. शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, विभाग द्वारा संचालित शासकीय संस्था राजकीय प्रौढ़ मूक बधिर प्रशिक्षण संस्थान, दिव्यांग आवासीय विद्यालय संकुल, राऊ, इन्दौर में श्रवण बाधित (मूक बधिर) के लिए म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त DCA (Diploma in Computer Application) का पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र **दिनांक 30 अगस्त 2025 तक** आमंत्रित किये जाते हैं। संबंधित पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्हतांएं निम्नानुसार हैं :-

1. शैक्षणिक योग्यता - 12वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण की अंकसूची छायाप्रति
2. श्रवण बाधित होने संबंधी चिकित्सक का प्रमाण-पत्र
3. 6 फोटो
4. आय प्रमाण-पत्र
5. म.प्र. के मूल निवासी का प्रमाण पत्र
6. जाति प्रमाण-पत्र
7. आधार कार्ड
8. बैंक खाते का विवरण
9. यू.डी.आई.डी. कार्ड एवं समग्र आई.डी. नम्बर

प्रवेश पश्चात् निर्धारित मापदंड अनुसार छात्रावास एवं भोजन सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायी जावेगी।

सम्पर्क पता -
अधीक्षक, राजकीय प्रौढ़ मूक बधिर प्रशिक्षण संस्थान,
दिव्यांग आवासीय विद्यालय संकुल,
संस्कृति रायल सिटी, तालाब के सामने, राऊ, इन्दौर - 453331
दूरभाष नं. 0731-2574610, मो. 98262-71477

जी-11518/50819/2025

कार्यालय संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग इंदौर, संभाग इंदौर

विज्ञापन

भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जिला इन्दौर मध्यप्रदेश जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के संचालन हेतु विभिन्न पद स्वीकृत किये गए हैं इन पदों पर आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा क्रमांक/दि.सश-2/एफ 173/2024-25 दिनांक 30.8.2024 के क्रम में पदपूर्ति की जाना है। अतः निम्न पदों की पूर्ति हेतु योग्य तकनीकी उम्मीदवार से बायोडाटा आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र.	पद का नाम	पद की योग्यता	पोस्ट	मासिक मानदेय
1.	ऑडियोलॉजिस्ट और स्पीच थेरेपिस्ट Audiologist & Speech Therapist	ऑडियोलॉजी एवं स्पीच एंड लैंग्वेज पैथोलॉजी (बीएएसएलपी) में स्नातक या बी.एससी. स्पीच एंड हियरिंग	01	20500/-
2.	प्रोस्थेटिस्ट/ऑर्थोटिस्ट तकनीशियन Prosthetist/Orthotist Technician	पी एण्ड ओ में डिप्लोमा या 3 साल के अनुभव के साथ पी एण्ड ओ में प्रमाण-पत्र	01	14500/-
3.	व्यावसायिक परामर्शदाता सह कंप्यूटर सहायक Vocational Counsellor cum Computer Assistant	व्यावसयिक पुनर्वास में डिप्लोमा (डीवीआर)/ बाल मार्गदर्शन और परामर्श में एडवांस्ड डिप्लोमा (एडीसीजीसी)/पुनर्वास विज्ञान में स्नातक (बीआरएससी)	01	14500/-
4.	गतिशीलता प्रशिक्षक Mobility Instructor/Mobility Trainer	दसवीं पास एवं गतिशीलता में सर्टिफिकेट/ डिप्लोमा अधिमानता गतिशीलता विज्ञान में स्नातक (बी.एम.एससी.) या दृष्टि बाधित में डी.एड. विशेष शिक्षा/बी.एड. विशेष शिक्षा	01	14500/-
5.	प्रारंभिक उपचार थेरेपिस्ट Early Aid Therapist	पीजीडीडीटी/पीजीडीईआई/बीएमआर/ बीआरएससी/बीआरटी/एमआरएससी	01	14500/-
6.	ट्रांस डिसिप्लिनरी विशेष शिक्षक श्रवणबाधित श्रेणी में। Trans Disciplinary Special Teacher for Hearing Impaired Category	श्रवण बाधिता में डीईडीएसई/बीईडीएसई	01	14500/-
7.	केयर गिवर Care Giver	सीसीसीजी/आरसीआई-सीसीसीजी/राष्ट्रीय न्यास या कक्षा आठवीं उत्तीण जिसमें दिव्यांगजनों की देखभाल में 3 साल का अनुभव	01	6250/-

नियम व शर्तें :-

1. सभी पदों हेतु आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में समस्त सत्यापित प्रमाण पत्रों सहित बंद लिफाफे में अध्यक्ष जिला प्रबंधन समिति जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र समाज कल्याण परिसर परदेशीपुरा इन्दौर-452003 के नाम से प्रस्तुत करेंगे। आवेदन **समाचार प्रकाशित होने की दिनांक से आगामी 15 दिवस के अंदर प्राप्त किये जायेंगे।** आवेदन प्राप्त करने का समय (शासकीय अवकाश छोड़कर) 10:00 बजे से 06:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। लिफाफे पर किस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है उस पद का नाम अवश्य लिखें।
2. उपरोक्त सभी पद अस्थाई एंव पूर्णतः निश्चित मानदेय के होकर एक माह की सूचना पर समाप्त किये जा सकते हैं, तथा पुनः नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है। सभी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। योग्यता के साथ आर. सी. आई. (भारतीय पुनर्वास परिषद) में पंजीकृत उम्मीदवार को प्राथमिकता।
3. निःशक्त उम्मीदवार को शासकीय चिकित्सालय से मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न की जाना अनिवार्य होगा।
4. समिति के समक्ष उपस्थित होने पर किसी भी वर्ग के उम्मीदवार को आने जाने का किसी प्रकार का व्यय नहीं दिया जावेगा।
5. आवेदन पत्र अध्यक्ष, जिला प्रबंधन समिति, जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र इन्दौर के नाम से उपरोक्त पते पर लिये जावेंगे। आवेदन पत्र **विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में** उपरोक्त कार्यालय में ही जमा करावें। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जावेंगे।
6. सभी पदों हेतु आवेदनकर्ता निर्धारित योग्यतानुसार आवेदन पत्र पृथक-पृथक आवेदन करेंगे। यदि एक आवेदन पत्र में उससे दो या अधिक आवेदन पत्र भरेंगे तो निरस्त कर दिया जावेगा।
7. सभी पद पूर्ण रूप से अस्थाई हैं, तथा शासकीय सेवा के अन्तर्गत नहीं हैं।
8. चयन प्रक्रिया में चयन समिति का अंतिम निर्णय होगा तथा किसी भी प्रकार का प्रतिवाद स्वीकार नहीं होगा।
9. शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारी अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ संलग्न करें।
10. योग्य द्विव्यांगों को प्राथमिकता।
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड

पद का नाम - कनिष्ठ अभियंता (विद्युत, इलेक्ट्रॉनिकी, यांत्रिकी, सिविल), कार्यक्रम सहयोगी, सहायक (मानव संसाधन, कॉर्पोरेट आतिथ्य), कनिष्ठ अनुरक्षक (विद्युत, यांत्रिक)
पदों की संख्या - 72
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 24 अप्रैल, 2025
वेबसाइट - https://ncrtc.in

इंजिन निर्माणी आवड़ी आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड

पद का नाम - कनिष्ठ प्रबंधक (उत्पादन, गुणता, डिजाइन, मानव संसाधन, संरक्षा, वित्त एवं लेखा, विपणन एवं निर्यात), कनिष्ठ तकनीशियन (फिटर जनरल, मशीनिस्ट, वेल्डर)
पदों की संख्या - 80
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 25 अप्रैल, 2025
वेबसाइट - https://avnl.co.in

गार्डेन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड

पद का नाम - महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, प्रबंधक, उप प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, कनिष्ठ प्रबंधक, परियोजना अधीक्षक
पदों की संख्या - 40
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 26 अप्रैल, 2025
वेबसाइट - https://grse.in

एडमिशन अलर्ट

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी (पूर्णकालिक) कार्यक्रम, पीएचडी (अंशकालिक) कार्यक्रम
योग्यता- उक्त दोनों पाठ्यक्रमों के लिए सामाजिक विज्ञान तथा उससे संबद्ध विषयों में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि (मास्टर डिग्री) हो तथा अन्य जरूरी योग्यताएं।
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल, 2025
वेबसाइट - https://www.niepa.ac.in

रेल परिवहन संस्थान

पाठ्यक्रम का नाम - परिवहन अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन, मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट (कंटेनराइजेशन) एवं लॉजिस्टिक प्रबंधन, रेल परिवहन एवं प्रबंधन, पोर्ट विकास और प्रबंधन
योग्यता- किसी भी विषय में स्नातक या तीन वर्षीय डिप्लोमा उत्तीर्ण हो।
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल, 2025
वेबसाइट - www.irt.indianrailways.gov.in

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

मध्यप्रदेश की नदियां

मध्यप्रदेश की जीवनरेखा सदानीरा नर्मदा-1

मध्यप्रदेश की धरती को प्रकृति ने नदियों की विपुलता से समृद्ध किया है। इसलिए प्रदेश को नदियों का मायका कहा जाता है। नदियां जीवन और प्रकृति संवर्धन का आधार हैं। नदी तट पर कई संस्कृतियों का निर्माण और विकास हुआ है। जल, जीवन की इस विरासत से आपको परिचित करवाने के लिए रोज़गार और निर्माण में मध्यप्रदेश की नदियां स्तम्भ शुरू किया जा रहा है। इस अंक में प्रस्तुत है मध्यप्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा नदी का परिचय –

नर्मदा, भारत की हृदय रेखा है। यह देश के मध्यभाग में पश्चिम की ओर बहती है। यह मध्यप्रदेश और गुजरात राज्य की प्रमुख नदी है। पुण्य सप्त सरिताओं में से एक नर्मदा मात्र ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। मान्यता है कि समस्त ताप नाशिनी नर्मदा की परिक्रमा से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। इसे पुराणों में पुण्यमयी नदी कहा गया है। देश की सबसे प्राचीनतम नदी नर्मदा विंध्याचल की मेकल पहाड़ी श्रृंखला में अमरकंटक नामक स्थान से निकलती है। यह मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात से होकर करीब 1312 किलोमीटर पथ तय कर भरुच के आगे खम्भात की खाड़ी में मिलती है।

पौराणिक ग्रंथों में नर्मदा जी का अस्तित्व अति प्राचीन है। यह इतिहास और भूगोल के उथल-पुथल की साक्षी है। इसके तट पर करोड़ों वर्ष पुराने डायनासोर और वनस्पतियों के जीवाश्म मिले हैं। मान्यतानुसार प्राकृतिक उथल-पुथल से समुद्र पीछे चला गया और फिर नर्मदा की उत्पत्ति हुई। पौराणिक ग्रंथों में उल्लेख है कि नर्मदा की उत्पत्ति शिव तांडव नृत्य में रत होने के बाद उनके स्वेद कण से हुई है और फिर मेकल पर्वत ने नर्मदा को धारण किया और वह अमरकंटक से प्रवाहमान हुई। इस तरह नर्मदा एक तरफ प्रकृति की उलटफेर और महाप्रलय की साक्षी है वहीं शिव तांडव के उपरांत जन-जन के लिए जीवनदायिनी स्वरूप में प्रवाहमान है। अब इसे धरती के भीतर मौजूद प्लेटों की टकराहट कहें या शिव का तांडवा यही नर्मदा जी के जन्म की गाथा है।

मध्यप्रदेश में नर्मदा का प्रवाह क्षेत्र अमरकंटक से सोंडवा तक 1079 किलोमीटर है। जो इसकी कुल लंबाई का 82.24 प्रतिशत है। नर्मदा जी के किनारे 21 जिले, 68 तहसीलें, 1138 ग्राम और 1126 घाट हैं। नर्मदा किनारे 430 प्राचीन शिव मंदिर और दो शक्तिपीठ विद्यमान हैं। नर्मदा अपनी सहायक नदियों सहित प्रदेश के बहुत बड़े क्षेत्र के लिए सिंचाई और पेयजल का स्रोत है। नर्मदा नदी का कृषि, पर्यटन और उद्योगों के विकास में विशेष योगदान है। नर्मदा के तट पर उगाई जाने वाली मुख्य फसलें धान, गन्ना, दालें, तिलहन, आलू, गेहूं, कपास आदि हैं। इसके तट पर ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से कई पर्यटन स्थल हैं। नर्मदा नदी सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और धार्मिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके तट पर कोटि तीर्थ हैं। पुराणों के अनुसार अमरकंटक से लेकर नर्मदा संगम तक 10 करोड़ तीर्थ हैं। कहा जाता है कि नर्मदा संगम के दर्शन से सभी तीर्थों के दर्शन का लाभ प्राप्त हो जाता है।

नर्मदा का उद्गम स्थल अमरकंटक

अमरकंटक नर्मदा का उद्गम स्थल है। पुराणों में इसे कलिंग क्षेत्र कहा गया है। संभवतः उस समय इसकी भौगोलिक सीमा उड़ीसा तक रही होगी। नर्मदा नदी का उद्गम स्थल 11 कोणीय एक बड़ा कुंड है, जो पश्चिम की ओर गौमुख के आकार में है। इसे कोटि तीर्थ कहते हैं। मान्यता है कि करोड़ों देवताओं के द्वारा तप किये जाने के कारण यह कोटि तीर्थ कहलाया। नर्मदा अमरकंटक से निकलकर नर्मदा कपिलधारा जल प्रपात का निर्माण करती है। इसके बाद दूधधारा में बहती है, जहां इसकी सहस्र धाराएं, बहुत ही सुंदर झरने का निर्माण करती है।

नर्मदा पर निर्मित बांध

नदी पर बने प्रमुख बांधो में ओंकारेश्वर और महेश्वर बांध शामिल हैं।

नर्मदा का बहाव क्षेत्र

नर्मदा नदी मध्यप्रदेश के अमरकंटक से निकलकर शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, मंडला, डिंडौरी, जबलपुर, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, सीहोर, हरदा, खंडवा, खरगोन, बड़वानी आदि से होते हुए अपनी यात्रा पूरी करती है। इसके बाद 32 किलोमीटर मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र तथा 40 किलोमीटर मध्यप्रदेश एवं गुजरात की सीमाओं से बहते हुए गुजरात राज्य में प्रवेश कर 161 किलोमीटर की यात्रा पूरी करते हुए खंभात की खाड़ी में मिल जाती है। नर्मदा का कुल कछार क्षेत्र 98796 वर्ग किलोमीटर है। इस कछार का 85859 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र मध्यप्रदेश में है। 1538 वर्ग किलोमीटर महाराष्ट्र तथा 11399 वर्ग किलोमीटर गुजरात में है। नर्मदा कछार क्षेत्र में मध्यप्रदेश के 25, गुजरात के 5, छत्तीसगढ़ के 2 और महाराष्ट्र का एक जिला आता है।

नर्मदा की सहायक नदियां

नर्मदा की अनेक सहायक नदियां हैं, लेकिन जिन सहायक नदियों का जलग्रहण क्षेत्र 500 वर्ग किलोमीटर से अधिक है, ऐसी प्रमुख सहायक नदियों की संख्या 41 है। इनमें से 19 सहायक नदियां दायें तट से तथा 22 नदियां बाएं तट से नर्मदा में मिलती हैं। कुल 41 प्रमुख सहायक नदियों में से 39 सहायक नदियां मध्यप्रदेश में मिलती हैं तथा केवल 2 सहायक नदियां गुजरात में मिलती हैं। इनके अतिरिक्त नर्मदा की कई उप सहायक नदियां भी हैं अर्थात एक नदी सहायक नदी से मिलती है तथा आगे जाकर वो सहायक नदी नर्मदा नदी में मिल जाती है।

दाहिनी ओर से प्रमुख सहायक नदियां हैं- हिरन, तेंदोरी, बरना, कोलार, मान, उरी, हटनी और ओरसांग।

प्रमुख बायीं सहायक नदियां हैं- बर्नर, बंजार, शेर, शक्कर, दूधी, तवा, गंजाल, छोटा तवा, कुंडी, गोई और कर्जन।

नर्मदा नदी को प्रपात बाहुल्य कहा जाता है। अपने उद्गम के बाद इस नदी का पहला प्रपात है कपिलधारा, इसमें ऐसा लगता है मानो नर्मदा यहां वेग से कूद पड़ी हो। नदी का अगला प्रपात है दूधधारा जिसमें वह दूध की तरह निर्मल-धवल बहती है। नर्मदा का पहला संगम है सिवनी संगम। यहां से जब नर्मदा आगे बढ़ती है तो डिंडौरी से होते हुए जाती है। यहां बैगा जनजातियों द्वारा नर्मदा नदी के प्रति मां और बेटे का स्नेह दिखाई देता है। डिंडौरी के आगे नर्मदा मंडला की ओर बढ़ती है। मंडला क्षेत्र रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम की गाथा कहता है। आगे नर्मदा प्रचंड वेग में बहती है और सहस्रधारा का निर्माण करती है। यहां नर्मदा का सहस्रधाराओं के साथ उफनता हुआ प्रवाह देखा जा सकता है। जबलपुर के भेड़ाघाट में नर्मदा संगमरमरी सौंदर्य का रूप धारण करती है, इसीलिये इसे सौंदर्य की सरिता भी कहा गया है। यह क्षेत्र भृगु ऋषि की तपोभूमि भी रही है।

नर्मदा एक नजर

- नर्मदा का उद्गम - मेकल पर्वत के अमरकंटक शिखर से
- नर्मदा का संगम - खम्भात की खाड़ी
- नदी की समुद्र तल से ऊंचाई - 3500 फीट
- नदी की लंबाई - 1310 किलोमीटर
- नदी का कुल प्रवाह क्षेत्र - 36 वर्ग मील
- प्रदेश में नर्मदा की लंबाई - 1079
- नर्मदा का कुल बेसिन क्षेत्र - 85,149
- घाटों की संख्या - 1107
- वन क्षेत्र एवं आच्छादन - 65,600 वर्ग मील
- कटाव क्षेत्र - 821
- आश्रमों की संख्या - 263
- मंदिरों की संख्या - 290
- पर्वत श्रेणियां - विंध्याचल और सतपुड़ा
- नदी का बहाव - विंध्याचल और सतपुड़ा के बीच पश्चिम दिशा में

चौंसठ योगिनी मंदिर

भेड़ाघाट के पास लगभग 50 फीट ऊंची गोल पहाड़ी पर लगभग दसवीं शताब्दी में बना प्राचीन मंदिर है। यहां 109 सीढ़ियों को पार करके मंदिर में पहुंचा जा सकता है। इस मंदिर में 64 कलचुरिकालीन योगिनी मूर्तियां स्थापित हैं। इसीलिए इसे चौंसठ योगिनी मंदिर कहा जाता है। मंदिर में जटामुकुट पहने मगर वाहन पर विराजमान तीसरी योगिनी रुषिणी नर्मदा की मूर्ति है। यह मंदिर पुरातन समय में लोगों की नर्मदा के प्रति श्रद्धा को स्थापित करता है।

क्रमशः .....

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

25 अप्रैल

विश्व मलेरिया दिवस : एक जंग जो हम सबकी है

सपना, एक छोटे से भारतीय गांव की मां, हर रात अपने दो बच्चों को मच्छरदानी के नीचे सुलाती है। पिछले साल उसका छोटा बेटा मलेरिया की चपेट में आया था। बुखार और ठंड से तड़पते बच्चे को देखकर सपना की रातें बेचैन थीं। सौभाग्य से, समय पर दवाएँ मिलीं और उसका बेटा बच गया। लेकिन सपना जानती है कि मच्छरों का खतरा अभी टला नहीं। यह कहानी सिर्फ सपना की नहीं, बल्कि दुनिया भर के लाखों परिवारों की है।

हर **साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस** हमें मलेरिया के खिलाफ एकजुट होने का मौका देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के नेतृत्व में यह दिन जागरूकता, बचाव, और मलेरिया मुक्त दुनिया के सपने को हकीकत बनाने की प्रेरणा देता है। आइए, WHO की नवीनतम जानकारी के साथ मलेरिया की इस जंग को समझें और देखें कि हम कैसे जीत सकते हैं।

मलेरिया : एक चालाक दुश्मन

मलेरिया कोई साधारण बुखार नहीं। यह प्लास्मोडियम परजीवी के कारण होता है, जो एनोफिलीज मच्छरों के काटने से हमारे शरीर में प्रवेश करता है। WHO के अनुसार, पांच प्रकार के प्लास्मोडियम परजीवी मनुष्यों को प्रभावित करते हैं, जिनमें प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम और प्लास्मोडियम विवैक्स सबसे खतरनाक हैं। लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, और कमजोरी शामिल हैं। अगर समय पर इलाज न हो, तो यह मस्तिष्क मलेरिया, अंग विफलता या मृत्यु तक ले जा सकता है।

WHO की विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 बताती है कि 2023 में दुनिया भर में लगभग 26.3 करोड़ मलेरिया के मामले दर्ज हुए, जिनमें 5.97 लाख लोगों की मृत्यु हुई। अफ्रीका क्षेत्र में 94% मामले और 95% मौतें हुईं, जिनमें ज्यादातर पांच साल से कम उम्र के बच्चे थे। ये आंकड़े सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि उन परिवारों की कहानियाँ हैं जो मलेरिया से जूझ रहे हैं।

मलेरिया बुखार का इतिहास

मलेरिया मानवता का पुराना दुश्मन है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में "ज्वर" कहा जाता है। मिस्र की ममियों में भी इसके निशान मिलते हैं। 1880 में अल्फोंस लावेरन ने परजीवी की खोज की और 1897 में रोनाल्ड रॉस ने साबित किया कि मच्छर इसका वाहक है। इन खोजों ने मलेरिया के खिलाफ वैज्ञानिक लड़ाई शुरू की। WHO बताता है कि 20वीं सदी में डीडीटी और क्लोरोक्वीन ने मलेरिया को काफी हद तक नियंत्रित किया, लेकिन परजीवियों और मच्छरों में दवा प्रतिरोध ने चुनौती बढ़ा दी। आज, WHO के मार्गदर्शन में टीके और नई तकनीकों ने उम्मीद जगाई है।

विश्व मलेरिया दिवस उम्मीद की मशाल

WHO ने 2007 में विश्व मलेरिया दिवस मनाने का निर्णय लिया और 2008 में पहली बार विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इसका मकसद मलेरिया के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को मजबूत करना और लोगों को शिक्षित करना है। हर साल एक थीम इस दिन को दिशा देती है। 2024 की थीम थी "Accelerating the Fight against malaria for a more equitable world", WHO का कहना है कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और दूरदराज के इलाकों में रहने वालों तक मदद पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

यह दिन हमें याद दिलाता है कि मलेरिया को हराने के लिए सरकारों, संगठनों और हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।

मलेरिया की जड़ें यह क्यों पनपता है?

WHO के अनुसार, मलेरिया के फैलने की कई वजहें हैं:

- **ऊष्णकटिबंधीय जलवायु :** गर्म और नम इलाके मच्छरों के लिए आदर्श हैं। भारत में मानसून के बाद स्थिर पानी मच्छरों को बढ़ने का मौका देता है।
- **स्वास्थ्य सेवाओं की कमी :** कई क्षेत्रों में निदान और उपचार की सुविधाएं सीमित हैं। अफ्रीका में अधिक मौतें इसलिए होती हैं क्योंकि लोगों को समय पर मदद नहीं मिलती।
- **जलवायु परिवर्तन :** WHO की 2023 रिपोर्ट में बताया गया कि बढ़ता तापमान और बाढ़ जैसे मौसमी बदलाव मलेरिया के प्रसार को बढ़ा रहे हैं। उदाहरण के लिए, 2022 में पाकिस्तान की बाढ़ ने मलेरिया के मामलों को पांच गुना बढ़ा दिया।
- **गरीबी :** मच्छरदानी और दवाएं हर किसी की पहुंच में नहीं। WHO का कहना है कि गरीब समुदायों में मलेरिया का बोझ सबसे ज्यादा है।

मलेरिया सिर्फ बीमारी नहीं, एक अभिशाप

मलेरिया सिर्फ शरीर को नहीं, सपनों को भी तोड़ता है :

- **बच्चों और माताओं पर:** WHO के अनुसार, पांच साल से कम उम्र के बच्चे और गर्भवती महिलाएं सबसे ज्यादा खतरे में हैं। मलेरिया गर्भपात, कम वजन वाले बच्चों का जन्म, और मातृ-मृत्यु का कारण बन सकता है।
- **आर्थिक बोझ :** WHO की रिपोर्ट्स बताती हैं कि मलेरिया के कारण परिवारों को दवाओं, अस्पताल और काम के नुकसान का खर्च उठाना पड़ता है, जो उन्हें और गरीबी में धकेलता है।
- **शिक्षा पर चोट :** बीमार बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। WHO का अनुमान है कि मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर गिर रहा है। सपना जैसी कई माताएं अपने बच्चों को बचाने के लिए हर रात जागती हैं, लेकिन मलेरिया का डर उनके सपनों को बंधक बनाए रखता है।

मलेरिया को रोकने की रणनीति

- **कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानी (ITNs) :** WHO का कहना है कि मच्छरदानी मच्छरों से बचाव का सबसे सस्ता और प्रभावी तरीका है।
- **घर के अंदर कीटनाशक छिड़काव (IRS) :** दीवारों पर कीटनाशक छिड़कने से मच्छरों की संख्या कम होती है। WHO इसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के लिए अनुशंसा करता है।
- **टीकाकरण :** WHO ने RTS,S/AS01 (Mosquirix) और R21/Matrix-M टीकों को मंजूरी दी है। 17 से अधिक देशों ने इन्हें बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण में शामिल किया।
- **सीजनल मलेरिया केमोप्रिवेंशन (SMC) :** WHO के अनुसार, 2024 में 19 देशों में 5.4 करोड़ बच्चों तक यह पहुँचा, जो गंभीर मलेरिया से बचाता है।
- **स्वच्छता :** स्थिर पानी को हटाना मच्छरों के प्रजनन को रोकता है। WHO सामुदायिक जागरूकता को इसका हिस्सा मानता है।
- **मलेरिया का इलाज :** समय ही जिंदगी है WHO के दिशानिर्देशों के अनुसार, मलेरिया का इलाज जल्दी शुरू करना जरूरी है:
- **आर्टिमिसिनिन-आधारित संयोजन चिकित्सा (ACT) :** यह प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के लिए सबसे प्रभावी है। WHO इसे पहली पसंद मानता है।
- **क्लोरोक्वीन और प्राइमाक्वीन :** प्लास्मोडियम विवैक्स के लिए, जहाँ दवा प्रतिरोध नहीं है, WHO इन्हें सुझाता है।
- **तुरंत निदान :** रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट (RDT) और माइक्रोस्कोपी से मलेरिया का पता लगाया जाता है। WHO का कहना है कि 24 घंटे के भीतर निदान और उपचार शुरू होना चाहिए।

भारत की कहानी : प्रगति और चुनौतियां

भारत में मलेरिया एक बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन WHO और राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (NVBDCP) के सहयोग से प्रगति हुई है। WHO के अनुसार, भारत ने 2018 से 2022 तक मलेरिया के मामलों में 66% की कमी की। ओडिशा, जो कभी मलेरिया का केंद्र था, आज एक मिसाल है। फिर भी, पूर्वोत्तर और जनजातीय क्षेत्रों में खतरा बरकरार है। WHO सुझाता है कि भारत को सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और निदान सुविधाओं पर और ध्यान देना चाहिए।

WHO का नेतृत्व

WHO का ग्लोबल मलेरिया प्रोग्राम (GMP) मलेरिया उन्मूलन की धुरी है। इसकी "Global Technical Strategy for Malaria 2016–2030" के तहत, 25 देशों ने 2023 तक 10 से कम मामले दर्ज किए। WHO की 2024 की रिपोर्ट बताती है कि 2000 से 2023 तक 2.2 अरब मामले और 1.27 करोड़ मौतें टलीं।

- निशांत शर्मा
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

खेल और युवा कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन

आवेदन आमंत्रित

PARTH YOJNA
POLICE ARMY RECRUITMENT TRAINING HOUSE YOJNA

युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

पार्थ योजना के अन्तर्गत प्रदेश के युवाओं को सेना, पुलिस एवं सुरक्षाबलों में भर्ती हेतु शारीरिक और लिखित परीक्षा की तैयारी का प्रशिक्षण

आवेदन करने की अंतिम तिथि
30 अप्रैल 2025

5 मई से प्रशिक्षण प्रारंभ

महत्वपूर्ण बिंदु
- रियायती दरों पर प्रशिक्षण
- मेरिट के आधार पर सिलेक्शन
- तीन से छह माह का प्रशिक्षण
- चयनित आवेदकों को निःशुल्क टी-शर्ट

सीमित सीटें उपलब्ध
महिलाओं के लिए 50% छूट

प्रशिक्षण स्थल
- भोपाल – तात्याटोपे स्टेडियम ✆7247373248
- इंदौर – मल्हार आश्रम खेल मैदान, इंदौर ✆9826651016
- उज्जैन – खेल परिसर, नानाखेड़ा ✆9425967562
- ग्वालियर – अंतर्राष्ट्रीय खेल गांव ✆7049010656
- जबलपुर – खेल परिसर, रांझी ✆9691115793
- रीवा – स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रीवा ✆942513372
- चम्बल (मुरैना) – 5वीं बटालियन एसएफ ग्राउण्ड ✆9425792333
- शहडोल – महात्मा गांधी स्टेडियम ✆9977972224
- सागर – जिला खेल परिसर ✆9584844339

आवेदन करने के लिए संबंधित जिले के जिला खेल अधिकारी से संपर्क कर उनके कार्यालय में आवेदन जमा किया जा सकता है। फॉर्म डाउनलोड, संपर्क, मोबाइल नंबर एवं अधिक जानकारी, संबंधित जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय और विभागीय वेबसाइट www.dsywmp.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

M.P.M./119724/R-5084225

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर

विज्ञान एवं पर्यावरण

1. निम्न में से कौन-सा मात्रक, मूल मात्रकों के अंतर्गत नहीं आता है -
(अ) ऐम्पियर
(ब) जूल
(स) मोल
(द) केल्विन
उत्तर- (ब) जूल

2. 4^0C पर पानी का -
(अ) घनत्व अधिकतम होता है।
(ब) घनत्व न्यूनतम होता है।
(स) आयतन अधिकतम होता है।
(द) द्रव्यमान न्यूनतम होता है।
उत्तर- (अ) घनत्व अधिकतम होता है।

3. रात्रि के समय आकाश में तारों का टिमटिमाना किस घटना का उदाहरण है -
(अ) प्रकाश का पूर्ण आंतरिक परावर्तन
(ब) व्यतिकरण
(स) प्रकाश का अपवर्तन
(द) विवर्तन
उत्तर- (स) प्रकाश का अपवर्तन

4. वह प्रयुक्ति जो धारा को एक ही दिशा में प्रवाहित होने देती है, कहलाती है -
(अ) बल्ब
(ब) ट्रांजिस्टर
(स) रजिस्टर
(द) डायोड
उत्तर- (द) डायोड

5. एक समतल दर्पण की वक्रता त्रिज्या क्या होती है -
(अ) अनन्त
(ब) अनंत व शून्य के बीच
(स) शून्य
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) अनन्त

6. एक घोल किसका कोलाइडी विलयन होता है -
(अ) द्रव में गैस
(ब) द्रव में द्रव
(स) ठोस में द्रव
(द) ठोस में ठोस
उत्तर- (ब) द्रव में द्रव

7. निम्न में से कौन-सा एक बायोगैस का घटक नहीं है -
(अ) हाइड्रोजन
(ब) मीथेन
(स) कार्बन डाईऑक्साइड
(द) नाइट्रोजन डाईऑक्साइड
उत्तर- (द) नाइट्रोजन डाईऑक्साइड

8. भू-पर्पटी में दूसरा सबसे अधिक मात्रा में पाया जाने वाला तत्व है -
(अ) कार्बन
(ब) सिलिकॉन
(स) ऑक्सीजन
(द) हाइड्रोजन
उत्तर- (ब) सिलिकॉन

9. निम्न में से सही सुमेलित है/हैं -
मिश्रधातु संघटन
1. गन-मेटल - Cu+Sn+Zn
2. बेल मेटल - Cu+Sn
3. कांसा - Zn+Sn
4. पीतल - Cu-Zn
(अ) 1, 2 एवं 3
(ब) केवल 1 एवं 2
(स) केवल 2 एवं 3
(द) 1, 2 एवं 4
उत्तर- (द) 1, 2 एवं 4

10. पोटेशियम परमैग्नेट का रासायनिक सूत्र क्या है -
(अ) KNO_3
(ब) K_4MnO_4
(स) $KMnO_4$
(द) $K_2SO_4 . Al_2(SO4)_3 . 24H_2O$
उत्तर- (स) $KMnO_4$

11. वर्गिकी का पिता कहा जाता है -
(अ) रॉबर्ट ब्राऊन
(ब) पुरकिंजे
(स) कैरोलस लीनियस
(द) कैमिलो गॉल्जी
उत्तर- (स) कैरोलस लीनियस

12. निम्न में से किस वैज्ञानिक ने 'लाइसोसोम' की खोज की थी -
(अ) रॉबर्ट ब्राऊन
(ब) अर्लेक्जेडर फ्लेमिंग
(स) राबर्ट हुक
(द) क्रिश्चियन डि-डूव
उत्तर- (द) क्रिश्चियन डि-डूव

13. मक्का के पौधों में कितने गुणसूत्र पाए जाते हैं -
(अ) 20 गुणसूत्र
(ब) 46 गुणसूत्र
(स) 24 गुणसूत्र
(द) 8 गुणसूत्र
उत्तर- (अ) 20 गुणसूत्र

14. कोशिका के किस विभाजन में दो संतति कोशिकाओं का निर्माण होता है -
(अ) असूत्री विभाजन
(ब) समसूत्री विभाजन
(स) अर्द्धसूत्री विभाजन
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (ब) समसूत्री विभाजन

15. क्रॉसिंग ओवर किस प्रकार के कोशिका विभाजन की विशेषता है -
(अ) अर्द्धसूत्री विभाजन
(ब) समसूत्री विभाजन
(स) असूची विभाजन
(द) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर- (अ) अर्द्धसूत्री विभाजन

16. पादप एवं जंतु जगत के बीच की कड़ी कहा जाता है -
(अ) युग्लीना
(ब) विषाणु
(स) पेरिपेटल
(द) प्रोटोथीरिया
उत्तर- (अ) युग्लीना

17. 'एनीलिडा' एवं 'आर्थोपोडा' के बीच की कड़ी किसे कहा जाता है -
(अ) पेरिपेटल
(ब) निओपिलिना
(स) विषाणु
(द) प्रोटीथिरिया
उत्तर- (अ) पेरिपेटस

18. निम्न में से किसने 'प्राकृतिक चयन का सिद्धांत' दिया था -
(अ) लैमार्क
(ब) चार्ल्स डार्विन
(स) ह्यगो-डी-ब्रीज
(द) ग्रेगर मेण्डल
उत्तर- (ब) चार्ल्स डार्विन

19. लैडिग कोशिकाएं कहां स्थित होती हैं -
(अ) वृक्क
(ब) मस्तिष्क
(स) वृषण
(द) अण्डाशय
उत्तर- (स) वृषण

20. मैलियस नामक हड्डी मानव शरीर के किस अंग में पाई जाती है -
(अ) कान (ब) हाथ
(स) पैर (द) मस्तिष्क
उत्तर- (अ) कान

21. दूर दृष्टि दोष का निराकरण किस प्रकार के लैंस का उपयोग करके किया जाता है -
(अ) अवतल लैंस
(ब) बेलनाकार लैंस
(स) उत्तल लैंस
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) उत्तल लैंस

22. मनुष्य के शरीर में 'कपाल तंत्रिकाओं' की कुल संख्या कितनी होती है -
(अ) 12 (ब) 31
(स) 24 (द) 29
उत्तर- (अ) 12 (जोड़ी)

23. मनुष्य के शरीर में मेरू तंत्रिकाओं की कुल कितनी संख्या होती है -
(अ) 31 (ब) 12
(स) 24 (द) 29
उत्तर- (अ) 31

24. 'टेण्डन' कहां जाता है -
(अ) मांस एवं मांस के जोड़
(ब) अस्थि एवं अस्थि के जोड़
(स) मांस एवं अस्थि के जोड़
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) मांस एवं अस्थि के जोड़

25. एक कोशिकीय जंतुओं में उत्सर्जन प्रक्रिया किस प्रक्रिया के द्वारा होती है -
(अ) विसरण के द्वारा
(ब) मूत्र अंग द्वारा
(स) वृक्क द्वारा
(द) कोशिका द्वारा
उत्तर- (अ) विसरण के द्वारा

26. फेफड़े किस जंतु का श्वसन अंग नहीं है -
(अ) मनुष्य
(ब) पक्षी
(स) पशु
(द) केंचुआ
उत्तर- (द) केंचुआ

27. लाल रुधिर कोशिकाओं का औसत जीवनकाल कितने दिन होता है -
(अ) 6-7 दिन
(ब) 120 दिन
(स) 80 दिन
(द) 60 दिन
उत्तर- (ब) 120 दिन

28. फर्न पादप जगत के किस वर्ग के अंतर्गत आता है -
(अ) ब्रायोफाइटा
(ब) टेरिडोफाइटा
(स) थैलोफाइटा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) टेरिडोफाइटा

29. धान का 'खैरा रोग' किसकी कमी के कारण होता है -
(अ) जिंक
(ब) मैग्निशियम
(स) मैंग्नीज
(द) कॉपर
उत्तर- (अ) जिंक

30. पौधों की अनुप्रस्थ (क्षैतिज) लंबाई हेतु कौन-सा हार्मोन जिम्मेदार होता है -
(अ) ऐबसिसक
(ब) साइटोकाइनिन
(स) एथिलीन
(द) फ्लोरोजिन्स
उत्तर- (स) एथिलीन

31. निम्न में से किस पादप हॉर्मोन को वृद्धिरोधी हॉर्मोन कहते हैं -
(अ) एथिलीन
(ब) ऐबसिसिक एसिड
(स) जिबरैलिन्स
(द) साइटोकाइनिन
उत्तर- (ब) ऐबसिसिक एसिड

32. थैलेमस मस्तिष्क के किस अंग का भाग है -
(अ) अग्रमस्तिष्क
(ब) मध्य मस्तिष्क
(स) पश्च मस्तिष्क
(द) मेड्यूला आर्लेगेटा
उत्तर- (अ) अग्रमस्तिष्क

33. रतौंधी किस विटामिन की कमी से होने वाला रोग है -
(अ) विटामिन A
(ब) विटामिन D
(स) विटामिन E
(द) विटामिन K
उत्तर- (अ) विटामिन A

34. मलेरिया किसके द्वारा जनित रोग है -
(अ) हैल्मिन्थ
(ब) प्रोटोजोआ
(स) जीवाणु
(द) विषाणु
उत्तर- (ब) प्रोटोजोआ

35. 'प्रकन्द' का उदाहरण है -
(अ) अरबी
(ब) प्याज
(स) लहसुन
(द) हल्दी
उत्तर- (द) हल्दी

36. विषाणु की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी -
(अ) एण्टोनी वॉन ल्यूवेन हॉक
(ब) जोहान्सन
(स) बेटसन
(द) इवानवस्की
उत्तर- (द) इवानवस्की

37. 'होम्योपैथी' का जनक किसे माना जाता है -
(अ) विलियम हॉर्वे
(ब) हैनीमेन
(स) हिप्पोक्रेटस
(द) लैमार्क
उत्तर- (ब) हैनीमेन

38. रेबीज रोग के द्वारा प्रभावित होने वाला अंग कौन-सा है -
(अ) नेत्र
(ब) मांसपेशीय जोड़
(स) तंत्रिका तंत्र
(द) श्वसन तंत्र
उत्तर- (स) तंत्रिका तंत्र

39. हैजा किस जीवाणु के द्वारा होने वाला रोग है -
(अ) सालमोनेला टाइफी
(ब) विब्रियो कोलेरा
(स) मोनीलिया
(द) माइक्रो-बैक्टिरीयिमलैप्री
उत्तर- (ब) विब्रियो कोलेरा

40. निम्न में कौन-सा विटामिन पानी में घुलनशील है -
(अ) विटामिन A
(ब) विटामिन D
(स) विटामिन E
(द) विटामिन B
उत्तर- (द) विटामिन B

41. भ्रूणावस्था के दौरान लाल रुधिराणुओं का निर्माण कहां होता है -
(अ) वृक्त
(ब) लाल अस्थिमज्जा
(स) अग्नाशय
(द) छोटी आंत
उत्तर- (अ) वृक्त

42. डाउन सिंड्रोम किस गुणसूत्र से जुड़ी समस्या है -
(अ) 21वें (ब) 15वें
(स) 16वें (द) 8वें
उत्तर- (अ) 21वें गुणसूत्र से

43. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है -
(अ) कैल्सीफेरॉल
(ब) रेटिनॉल
(स) टोकोफेरॉल
(द) थायमीन
उत्तर- (स) टोकोफेरॉल

44. निम्न में से कौन-सा एंजाइम प्रोटीन के पाचन का कार्य करता है -
(अ) पेप्सिन
(ब) लाइपेज
(स) टाइलिन
(द) एमाइलेज
उत्तर- (अ) पेप्सिन

45. घेंघा रोग किस खनिज तत्व की कमी से होता है -
(अ) तांबा
(ब) कोबॉल्ट
(स) आयोडीन
(द) लौह
उत्तर- (स) आयोडीन

46. 'लार' में उपस्थित एंजाइम है -
(अ) रेनिन
(ब) टायलिन
(स) लाइपेज
(द) एमाइलेज
उत्तर- (ब) टायलिन

47. विटामिन B2 का रासायनिक नाम क्या है -
(अ) थायमिन
(ब) बायोटिन
(स) पेंटोथोनिक एसिड
(द) राइबोफ्लेविन
उत्तर- (द) राइबोफ्लेविन

48. 'पेलाग्रा' रोग किस विटामिन की कमी से होता है -
(अ) विटामिन A
(ब) विटामिन B2
(स) विटामिन B3
(द) विटामिन D
उत्तर- (स) विटामिन B3

49. रुधिर परिसंचरण तंत्र की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी -
(अ) कार्ल लैण्ड स्टीनर
(ब) विलियम हॉर्वे
(स) डी फंक
(द) रॉबर्ट कोच
उत्तर- (ब) विलियम हॉर्वे

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

दोहा डायमंड लीग से सत्र की शुरुआत करेंगे नीरज

नई दिल्ली, भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा दोहा डायमंड लीग से अपने

सत्र की शुरुआत करेंगे। दोहा डायमंड लीग का आयोजन 16 मई को होगा। नीरज भारत के सबसे सफल भाला फेंक एथलीट हैं उन्होंने लगातार दो ओलंपिक में पदक अपने नाम किया है। टोक्यो ओलंपिक-2020 में स्वर्ण पदक और पेरिस ओलंपिक-2024 में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने कहा कि वह लगातार तीसरे वर्ष दोहा में डायमंड लीग प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के सबसे उत्साही दर्शकों के सामने प्रतिस्पर्धा करने के लिए बेताब हैं।

आईसीसी अवॉर्ड

श्रेयस चुने गए प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च 2025 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से सम्मानित किया। आईसीसी ने मार्च 2025 के लिए पुरस्कार विजेता की घोषणा की और श्रेयस के चैम्पियंस ट्रॉफी में किए गए प्रदर्शन की सराहना की। मार्च माह में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए श्रेयस के अलावा न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और जैकब डफी को नामांकित किया गया था।

चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में श्रेयस का बल्ला जमकर चला था। श्रेयस ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सर्वाधिक 243 रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। इस टूर्नामेंट में उन्होंने दो अर्धशतकीय पारियां खेली थीं। भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया था। यह भारत का लगातार दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट खिताब है। इससे पहले 2024 में टीम इंडिया ने टूवेंटी-20 विश्व कप जीता था। दुबई में खेले गए फाइनल मैच में श्रेयस अय्यर ने दो चौके और इतने ही छक्के की मदद से 48 रन बनाए और भारत को जीत दिलाई।

- श्रेयस अय्यर ने दूसरी बार जीता है आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड।
- इससे पहले उन्होंने फरवरी 2022 में जीता था यह अवॉर्ड।
- पुरुष वर्ग में अब तक 12 बार भारतीय खिलाड़ियों को मिला है यह अवॉर्ड।
- शुभमन ने 3 बार तथा श्रेयस और बुमराह ने 2-2 बार जीता है यह अवॉर्ड।

आईसीसी द्वारा प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए चुने जाने के बाद श्रेयस ने कहा कि मैं आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ के रूप में नामित होने पर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े मंच पर भारत की सफलता में योगदान देने में सक्षम होना हर क्रिकेटर का सपना होता है। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं।

महिला वर्ग में वोल बनीं विजेता

आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया की युवा महिला खिलाड़ी जॉर्जिया वोल को महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। पिछले वर्ष दिसंबर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाली वोल ने इस पुरस्कार के लिए अपनी हमवतन खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड और अमेरिका की चेतना प्रसाद को पछाड़ा। मार्च में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया था।

पंकज ने विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप में जीता पदक

नई दिल्ली, भारत के दिग्गज क्यू (बिलियर्ड्स और स्नूकर) खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। पंकज ने चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में पंकज को ब्रिटेन के डेविड काजियर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। फाइनल मुकाबले में पंकज ने शुरुआत में बढ़िया खेल दिखाया और 2-0 की बढ़त हासिल की। इसके बाद काजियर ने बेहतरीन वापसी की और 8-7 से मुकाबला जीत लिया।

बीएफआई मामलों की देखरेख के लिए समिति गठित

नई दिल्ली, मुक्केबाजी की वैश्विक संस्था विश्व मुक्केबाजी ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के मामलों की देखरेख के लिए एक अंतरिम समिति का गठन किया है। यह समिति बीएफआई के कार्यों का प्रबंधन देखेगी। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा कि बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह को पत्र लिखकर छह सदस्यीय समिति की नियुक्ति की जानकारी दी है। इस समिति की अध्यक्षता अजय सिंह करेंगे। समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक और ओलंपियन एल सरिता देवी शामिल हैं।

भारत ने तीरंदाजी विश्वकप में जीता स्वर्ण पदक

ऑबर्नडेल, अमेरिका में आयोजित तीरंदाजी विश्वकप के पहले चरण में भारतीय तीरंदाजी ने शानदार प्रदर्शन किया है। विश्वकप में भारत की कंपाउंड मिश्रित टीम ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीता। कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नाम और ऋषभ यादव की जोड़ी ने गजब के धैर्य का परिचय दिया और कांटे की टक्कर के दौरान चीनी ताइपे के हुआंग आई-जौ और चेन चिह-लुन की जोड़ी को 153-151 से हराया। मुकाबले में चीनी जोड़ी ने शुरुआती बढ़त बनाई। पहली और दूसरी सीरीज में पिछड़ने के बाद ज्योति-ऋषभ ने जोरदार वापसी की। दोनों ने मुकाबले को चौथे और निर्णायक सीरीज में बेहद कम अंतर से मुकाबला अपने नाम किया, जिसके बाद भारत की झोली में स्वर्ण पदक आया।

तीरंदाजी विश्वकप में भारत के अन्य निशानेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। विश्वकप में भारत ने एक स्वर्ण पदक के साथ एक रजत और दो कांस्य पदक भी अपने

- अमेरिका के ऑबर्नडेल में 8 से 13 अप्रैल तक आयोजित किया गया विश्वकप का पहला चरण।
- इस विश्वकप में कुल चार चरण और उसके बाद फाइनल चरण होगा आयोजित।

नाम किए हैं। विश्वकप में धीरज बोम्मदेवरा, अतनु दास और तरुणदीप राय की भारतीय तिकड़ी ने पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, वहीं पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की तिकड़ी ने कांस्य पदक जीता। धीरज ने पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक भी अपने नाम किया।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली, भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। हॉकी इंडिया ने बताया कि भारतीय टीम श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ खेले जाने वाले दो मैचों से करेगी। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

मैग्नस कार्लसन ने जीता फ्रीस्टाइल शतरंज खिताब

पेरिस, विश्व के नंबर वन शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फ्रांस में आयोजित फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को 1.5-0.5 से हराया। फाइनल मुकाबले में कार्लसन ने पहला मैच जीता, वहीं दूसरा मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ, जिस वजह से कार्लसन को टाईब्रेकर खेलने की जरूरत नहीं पड़ी।

कार्लोस अलकराज ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स खिताब

मोंटे कार्लो, स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज ने मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट जीत लिया है। वर्ष 2024 में विंबलडन जीतने के बाद अलकराज का यह पहला खिताब है। टूर्नामेंट के फाइनल में अलकराज ने इटली के लोरेंजो मुसेटी को तीन सेटों में 3-6, 6-1, 6-0 से हराया।

फाइनल मुकाबले में मुसेटी ने शानदार शुरुआत की और पहला सेट 6-3 के अंतर से अपने नाम किया, लेकिन वे दूसरे सेट में अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। दूसरे सेट में अलकराज ने बेहतरीन वापसी की और

- यह कार्लोस अलकराज के टेनिस कॅरियर का छठवां एटीपी मास्टर्स और कुल 10वां खिताब है।
- अलकराज ने पहली बार जीता है मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट।
- अब तक चार ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले अलकराज अभी एटीपी रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं।

6-1 से सेट जीत लिया। मैच का तीसरा सेट भी एकतरफा रहा। अलकराज ने इस सेट को 6-0 से जीत लिया।

अलेक्ना ने चक्का फेंक में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

ओक्लाहोमा, लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चक्का फेंक में अपने विश्व रिकॉर्ड को दो बार पीछे छोड़ा। मायकोलास अलेक्ना ने अमेरिका में आयोजित ओक्लाहोमा ग्रोज सीरीज वर्ल्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता में 247 फीट, नौ इंच (75.56 मीटर) चक्का फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अलेक्ना ने इससे पहले अपने शुरुआती प्रयास में 74.89 मीटर चक्का फेंककर अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था। उन्होंने वर्ष 2024 में इसी प्रतियोगिता में वर्ष 1986 से चला आ रहा विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था।

लॉस एंजेलिस ओलंपिक

ओलंपिक में 128 वर्ष के बाद क्रिकेट की हुई वापसी

नई दिल्ली, खेलों के महाकुंभ कहे जाने वाले प्रतिष्ठित ओलंपिक खेलों में अब क्रिकेट के चौके-छक्के भी लगते हुए नजर आयेंगे। दरअसल क्रिकेट की ओलंपिक खेलों में 128 वर्ष बाद वापसी हो रही। वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की एंट्री हो गई है। ये उन पांच नए स्पोर्ट्स में शामिल है, जिन्हें ओलंपिक में जगह मिली है।

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने लॉस एंजेलिस ओलंपिक का आधिकारिक कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस कार्यक्रम के तहत क्रिकेट के लिए हर वर्ग में 90 खिलाड़ियों का एथलीट कोटा तय किया गया है। यानी महिला और पुरुष वर्ग में कुल 180 खिलाड़ी ओलंपिक

- लॉस एंजेलिस ओलंपिक-2028 में 5 नए खेल किए गए शामिल।
- ओलंपिक में क्रिकेट के मुकाबले टूवेंटी-20 फॉर्मेट में खेले जाएंगे।
- ओलंपिक में क्रिकेट में दोनों वर्गों की 6-6 टीमें लेंगी हिस्सा।
- वर्ष 1900 के पेरिस ओलंपिक में पहली बार क्रिकेट किया गया था शामिल।

क्रिकेट में हिस्सा लेंगे। हालांकि यह तय नहीं हुआ है कि टीमें कैसे क्वालिफाई करेंगी। माना जा रहा है कि आईसीसी टूवेंटी-20 रैंकिंग के आधार पर कट-ऑफ डेट तक की स्थिति से टीमें चुनी जाएंगी।

अमेरिका, जो लॉस एंजेलिस ओलंपिक की मेजबानी कर रहा, आमतौर पर टीम खेलों में सीधी एंट्री पाता है। लेकिन अमेरिका अभी तक आईसीसी का फुल मेंबर नहीं है, इसलिए इसे लेकर संशय बना हुआ है। वेस्टइंडीज को लेकर भी संशय है। ओलंपिक या अन्य मल्टीस्पोर्ट्स खेलों में कैरेबियन देश अलग-अलग तौर पर हिस्सा लेते हैं, जबकि क्रिकेट में ये संयुक्त रूप से 'वेस्टइंडीज' के रूप में खेलते हैं। इससे पहले राष्ट्रमंडल खेल-2022 में वेस्टइंडीज की जगह बारबाडोस की टीम ने हिस्सा लिया था, क्योंकि वह उस समय की घरेलू चैम्पियन टीम थी।

आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के लिए कार्यक्रम और खिलाड़ियों के लिए एथलीट कोटा का ऐलान किया। आईओसी ने कहा कि लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में कुल 351 पदक स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, जो कि पेरिस ओलंपिक की तुलना में 22 अधिक है। इस बार ओलंपिक में क्रिकेट के अलावा चार अन्य खेलों स्क्वॉश, फ्लैग फुटबॉल, बेसबॉल/सॉफ्टबॉल और लैक्रोस को भी शामिल किया गया है। आईओसी ने कहा कि सभी टीम खेलों में पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संख्या बराबर रहेगी।

आईसीसी की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष बने गांगुली

दुबई, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट समिति के अध्यक्ष चुने गए हैं। समिति में वीवीएस लक्ष्मण को सदस्य के रूप में बरकरार रखा गया है। आईसीसी ने बताया कि गांगुली वर्ष 2021 में पहली बार इस समिति के अध्यक्ष बने थे। गांगुली और लक्ष्मण के अलावा अफगानिस्तान के पूर्व खिलाड़ी हामिद हसन, वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज डेसमंड हेन्स, दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट और वनडे कप्तान तेंबा बावुमा और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट को समिति में नियुक्त किया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने रेसिप्रोकल टैरिफ हटाया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट को रेसिप्रोकल टैरिफ से छूट दे दी। यह घोषणा ऐसे वक्त पर की गई, जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने विदेशी वस्तुओं पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने की घोषणा की है।

अमेरिका कस्टम एंड बॉर्डर पेट्रोल ने नोटिस जारी कर कहा कि छूट में चीन से अमेरिका आने वाले स्मार्टफोन और उसके इक्विपमेंट समेत कई इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल हैं, जिन पर हाल ही में 145 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यालय से जारी नोटिस में सेमीकंडक्टर, सोलर सेल, फ्लैट पैनल टीवी डिस्प्ले, फ्लैश ड्राइव और मेमोरी कार्ड को भी छूट दी गई। इस फैसले को कई अमेरिकी टेक कंपनियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। इन कंपनियों ने हाल ही में चिंता जाहिर की थी कि टैरिफ के फैसले से अमेरिका में इलेक्ट्रॉनिक्स की कीमतें बढ़ सकती हैं, क्योंकि कई प्रोडक्ट्स चीन में बनते हैं।

अंतरिक्ष यात्रा से लौटकर खुश हैं महिला यात्री

अंतरिक्ष पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अमेरीकी कंपनी ब्लू ओरिजिन ने अपने न्यू शेपर्ड रॉकेट से पहली बार सिर्फ महिला यात्रियों के दल को अंतरिक्ष में भेजा। इस दल में प्रसिद्ध अमेरिका सिंगर कैटी पेरी के साथ 'सीबीएस मॉर्निंग्स' की को-होस्ट गेल किंग, ब्लू ओरिजिन के मालिक जेफ बेजोस की मंगेतर पूर्व पत्रकार लॉरेन सांचेज, नासा की पूर्व वैज्ञानिक आइशा बोवे, बायोएस्ट्रोनॉटिक्स वैज्ञानिक अमांडा गुयेन और फिल्म निर्माता केरियल फ्लिन शामिल रहीं। यह छोटी सी आंतरिक्ष यात्रा सुबह 9:30 बजे शुरू हुई और दस मिनट की उड़ान के बाद यान करीब 100 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचा। इसके बाद यान वापस लौट आया। कैप्सूल को टेक्सास के रेगिस्तान में उतारा गया।

प्रधानमंत्री ने हरियाणा के यमुनानगर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया

हमारा प्रयास देश में बिजली उत्पादन को बढ़ाना है, बिजली की कमी राष्ट्र निर्माण में बाधा नहीं बननी चाहिए - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा के यमुनानगर में आयोजित उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुये

- **विकसित भारत के लिए विकसित हरियाणा, यही हमारा संकल्प है।**
- **सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल को शून्य किया जा सकता है।**
- **हमारा प्रयास हरियाणा के किसानों की क्षमता में वृद्धि करना है**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के यमुनानगर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यमुनानगर सिर्फ एक शहर नहीं है, बल्कि भारत के औद्योगिक परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो प्लाइवुड से लेकर पीतल और स्टील तक के उद्योगों के साथ अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, ऋषि वेद व्यास की पवित्र भूमि, कपाल मोचन मेला और गुरु गोविंद सिंह जी के अस्त्र-शस्त्र स्थल का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में विकसित हरियाणा के प्रति संकल्प पर जोर दिया।

सामाजिक न्याय का मार्ग होता है

प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के दृष्टिकोण और विश्वास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने भारत में खेतों के छोटे रकबे से जुड़े मुद्दे की पहचान की जिसका पर्याप्त कृषि भूमि की कमी वाले दलितों को औद्योगीकरण से अधिक लाभ मिला। उन्होंने बाबा साहेब के विज़न को साझा किया कि उद्योग दलितों के लिए अधिक रोज़गार के अवसर प्रदान करेंगे, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

गांव और किसानों के कल्याण को समर्पित

प्रधानमंत्री ने कहा कि दीनबंधु चौधरी छोटू राम जी ने भी औद्योगीकरण और विनिर्माण के बीच तालमेल को ग्रामीण समृद्धि की नींव के रूप में मान्यता दी थी। उन्होंने छोटू राम जी के इस विश्वास को रेखांकित किया कि गांवों में सच्ची समृद्धि तभी आएगी, जब किसान कृषि के साथ-साथ छोटे उद्योगों के माध्यम से अपनी आय बढ़ाएंगे।

आत्मनिर्भर भारत का सार

'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' का सार विनिर्माण को बढ़ावा देने में निहित है। श्री मोदी ने विनिर्माण पर सरकार के विशेष ध्यान को रेखांकित किया, जो इस वर्ष के बजट में 'मिशन विनिर्माण' की घोषणा से परिलक्षित होता है। मिशन का उद्देश्य दलित, पिछड़े, वंचित और हाशिए के युवाओं के लिए अधिकतम रोज़गार के अवसर सृजित करना, उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना, व्यावसायिक लागत कम करना, एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करना, उद्योगों को आधुनिक तकनीक से लैस करना और यह सुनिश्चित करना है कि भारतीय उत्पाद विश्वस्तरीय हों।

परमाणु क्षेत्र का विस्तार

विकसित भारत के निर्माण में बिजली की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार के बहुआयामी प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें एक राष्ट्र-एक ग्रिड, नए कोयला बिजली संयंत्र, सौर ऊर्जा परियोजनाएं और परमाणु क्षेत्र का विस्तार जैसी पहलें शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'यह सुनिश्चित करने के लिए कि बिजली की कमी राष्ट्र निर्माण में बाधा न बने, बिजली उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है।'

दिल्ली एयरपोर्ट के नाम दर्ज हुआ नया रिकॉर्ड

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (IGIA) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बताया गया कि दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की रैंकिंग में आईजीआईए एयरपोर्ट ने 9वां स्थान हासिल किया है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (DIAL) द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (IGIA) ने एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) की दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की 2024 रैंकिंग में 9वां स्थान प्राप्त करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

यह उपलब्धि दिल्ली हवाई अड्डे की निरंतर यात्री वृद्धि, मजबूत बुनियादी ढांचे के विकास और विश्व कनेक्टिविटी के विस्तार को दिखाती है, जिससे यह प्रतिष्ठित सूची में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय हवाई अड्डा बन गया है। दिल्ली एयरपोर्ट ने वर्ष 2024 में रिकॉर्ड तोड़ 7.7 करोड़ यात्रियों की आवाजाही देखी, जो इसकी लगातार साल-दर-साल वृद्धि को दर्शाता है। यह उपलब्धि 2023 में 10वीं, 2021 में 13वीं और 2019 में 17वीं रैंकिंग के बाद आई है, जो वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में इसकी निरंतर वृद्धि को दर्शाता है।

वैश्विक मान्यता के साथ तकनीक में वैश्विक मानक स्थापित कर रही है ध्वनिक प्रयोगशाला

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने चेन्नई के राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) में अंतर्जलीय ध्वनिक परीक्षण सुविधा (एटीएफ) की वैश्विक मान्यता और अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन का भ्रमण किया और संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। डॉ. जितेंद्र सिंह ने संस्थान द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों को अंतर्जलीय ध्वनिकी और महासागर प्रौद्योगिकी में वैज्ञानिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की यात्रा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने संस्थान की सुविधा और क्षमताओं का प्रदर्शन देखा, जिसमें उन्होंने हाइड्रोफोन, ट्रांसड्यूसर और ध्वनिक मॉडेम जैसे पानी के नीचे के ध्वनिक उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला की कार्य प्रणाली को करीब से समझा।

राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिलेगी

केंद्रीय मंत्री ने इस सुविधा को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए समुद्री प्रौद्योगिकी में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि ध्वनिक परीक्षण सुविधा हमारी समुद्री अवलोकन क्षमताओं को बढ़ाती है और सुनामी का पता लगाने वाली प्रणालियों का समर्थन करती है जो अपने महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत वर्ष 2004 में स्थापित, एटीएफ भारत की ऐसी सुविधा है जिसे हाइड्रोफोन के लिए राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2005 से इसने लगातार इस मान्यता को बनाए रखा है और नौसेना प्रयोगशालाओं, आईआईटी, विश्वविद्यालयों और बीईएल, एलएंडटी और टाटा पावर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिनिधियों सहित उपयोगकर्ताओं के एक व्यापक स्पेक्ट्रम को पूरा करता है। वर्ष 2018 में इस सुविधा की वैश्विक क्षमता को तब मान्यता मिली जब इसने ब्रिटेन के नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी द्वारा आयोजित एक प्रमुख तुलना परीक्षण में भाग लिया, जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन और रूस सहित सात अन्य देश शामिल हैं। एटीएफ के परिणाम अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों से मेल खाते हैं, जिससे यह शीर्ष वैश्विक प्रयोगशालाओं के साथ समानता स्थापित करती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मान्यता से न केवल भारत की वैज्ञानिक विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि अंतर्जलीय अनुसंधान और समुद्री प्रौद्योगिकी में वैश्विक सहयोग के अवसर भी खुलेंगे।

युगांडा में शुरू होगी डिजिटल पहचान प्रणाली

अफ्रीकी देश युगांडा जल्द ही भारत द्वारा विकसित ओपन-सोर्स तकनीक एमओएसआईपी पर आधारित आधार जैसी डिजिटल पहचान प्रणाली शुरू करने जा रहा है। इसके साथ ही, युगांडा की सरकार भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को भी अपनाने पर विचार कर रहा है ताकि लेन-देन की लागत को कम किया जा सके। जानकारी देते हुए युगांडा के राष्ट्रीय पहचान और पंजीकरण प्राधिकरण (एनआईआरए) की प्रमुख रोजमेरी किसेम्बो ने कहा कि भारत के आईआईटी बॉम्बे द्वारा विकसित एमओएसआईपी सिस्टम को युगांडा के कानूनों के अनुसार पूरी तरह से ढाल लिया गया है। एनआईआरए की प्रमुख रोजमेरी ने आगे इसके शुरुआती मॉड्यूल पर जोर दिया।

न्यूयॉर्क शहर ने अम्बेडकर दिवस घोषित किया

न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने 14 अप्रैल 2025 को न्यूयॉर्क शहर में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर दिवस के रूप में घोषित किया है। न्यूयॉर्क में मेयर कार्यालय के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि शहर के 8.5 मिलियन निवासी इस दिवस को मनाएंगे। न्यूयॉर्क शहर के मेयर कार्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले की उपस्थिति में यह घोषणा की।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।